
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 354
शुक्रवार
29.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते।



## संक्षिप्त खबरें

### दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिले में आम लोगों के लिए चलाये जा रहे विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गयी। सांसद श्री राम ने कतिपय योजनाओं के कार्यान्वयन में समयबद्धता के पालन पर बल दिया वहीं संबंधित अधिकारी से अपेक्षा कि की वे कार्यान्वयन में तत्परता बरतें।दिशा की पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की गयी। इस दौरान सांसद ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को योजनाओं में कार्य में तेज़ी लाने हेतु निर्देशित किया.वहीं डीसी ने कार्यपालक अभियंता को पाटन के किशुनपुर में अवस्थित जलापूर्ति योजना में टूटी-फूटी पाइप को अविलंब बदलने हेतु निर्देशित किया।

### एक सप्ताह में 975 लीटर अवैध महुआ का शराब व 89800 किग्रा जावा महुआ ज़ब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश पर आगामी नये वर्ष के मद्देनजर अवैध मदिरा के विनिर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर छापेमारी व निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में उत्पाद विभाग द्वारा नौडीहा बाजार थानार्न्तगत- सलैया, विशूनपुर, चैनपुर थानार्न्तगत- कल्याणपुर, सेमरटॉड, अकड़ाही, हरिहरगंज थानार्न्तगत लालगढ़ा गांव स्थित संगूरी पहाड़, सिकारपुर, कोडला कुलहिया गांव में और शहर थानार्न्तगत बारालोटा, हाउसिंग कॉलोनी, हॉस्पीटल चौक में छापेमारी किया गया है।

# ससुराल में आकर बेटी-दामाद समेत एक बच्चें ने किया आत्महत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नामुदाग पंचायत के तेलियाडीह भोला भुइयाँ की 25 वर्षीय बेटी सविता देवी - दामाद योगेंद्र भुइयाँ उम्र 27 वर्षीय व दूधमुहि बच्चा लगभग दो माह इशू कुमार के साथ जहारीला पदार्थ खा अपना जीवनलीला समाप्त कर लिया। मृतक परिजनों ने बताया कि अपनी बेटी की शादी नौड़ीहा बाजार प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत के महुअरी गांव के टोला रस्सी टांड में हिंदु रीति रिवाज के साथ किया था। कुछ दिन पहले मृतक योगेंद्र भुइयाँ ने अपने ससुराल मे रहकर मजदूरी का काम कर के भरण पोषण किया करता था। लगभग दो -तीन दिन पूर्व से ही मृतक के पत्नी सविता देवी के साथ कुछ बात को लेकर वाद विवाद चल रहा था। मृतक के सासु माँ ने जब सुबह 9 बजे तक दरवाजा नहीं खुला तो लड़की माँ ने दरवाजा खुलवाने के लिया काफी प्रयास किया लेकिन जब दरवाजा खुला तो चिल्लाने लगी, शोर करने के बाद दरवाजा को तोड़ा गया तो देखा गया की योगेंद्र और उसके पत्नी सविता देवी दूध मुंह बच्चा सोया हुई स्थित पाया गया लेकिन उसके शरीर मे छूने के बाद मृत स्थित मे देखा पाया गया। परिजनों ने आनन फानन मे पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार पासवान के सूचना दिया गया। मुखिया तत्काल थाना प्रभारी अमन कुमार को सूचना दिया गया । घटना के सूचना पाते ही थाना प्रभारी ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर शव के अपने कब्ज़ा मे लेकर अत्यंत परीक्षण के सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया। थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि मृतक योगेंद्र भुइयाँ की पत्नी सविता देवी ने कपड़ा खरीदने को लेकर वाद विवाद चल रहा था।

### जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक 29 एवं 30 दिसंबर को देंगे प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित विभिन्न स्तर पर सभी आवश्यक प्रशिक्षण देने हेतु जिला स्तर से प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार कर दी गई है। उक्त कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित चार विषयों पर विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को 29 दिसंबर एवं 30 दिसंबर 2023 को मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड, रांची के स्तर से जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को 29 दिसंबर को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, एक्सपेंडिचर मोनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट, एमसीएमसी पेड न्यूज, ईवीएम एन्ड वीवीपैट, इलेक्शन मैटेरियल, पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस, काउंटिंग और डिक्लेरेशन ऑफ रिजल्ट विषय पर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**रानीताल डैम में चौथे दिन भी नहीं मिला युवक का शव**

# घटनास्थल पर पहुंची प्रथम महापौर अरुणा शंकर, लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत रानीताल डैम में सोमवार को 45 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी नहाने के दौरान पानी में डूब गया था। जिसका तलाश एनडीआरएफ टीम दो दिनों से कर रही है।लेकिन गुरुवार शाम तक शव नहीं मिला जिसका जानकारी प्रथम महापौर अरुण शंकर मौके पर पहुंची और उन्होंने एनडीआरएफ टीम से शव के बारे में जानकारी लिया और कहा कि पिकनिक मनाने के लिए नदी तालाब और डैम के किनारे जो भी लोग जाते है वह नहाने से सतर्ता बरते जिससे कि कोई भी अनहोनी घटना ना घटे। उन्होंने आसपास के लोगों से अपील की 30 तारीख से 5 जनवरी तक ऐसे पिकनिक स्पॉट पर ना जाए कहीं सुरक्षित जगह पर जाएं और पिकनिक मनाए.इस बात पर जरूर ध्यान दें। पूर्व ज़िला परिषद सदस्य सैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि पिकनिक स्पॉट पर जो भी जाते हैं वह नदी नाला से जरूर बचे और कुछ ऐसा गलती काम नही करे जिससे कि दुर्घटना का कारण नहीं बने। पूर्व प्रमुख विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण जनता पिकनिक स्पॉट पर नदी नाले से जरूर सावधानी ब्रकने का काम करें। उन्होंने कहा जिससे कि आम अवाम को किसी प्रकार की समस्या उठानी नही पड़े इस पर लोग जरूर गंभीरता दिखाने का काम करें।घटनास्थल पर सीओ संजय बाखला, थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे, एएसआई राजीव सिंह दल बल के साथ चैनपुर पुलिस मुस्तैद रही।

# पिपरा में अबुआ आवास योजना में हो रहा है धांधली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में बीते दिनों चलाए गए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे प्राप्त हुए आवेदनों को आवास कोऑर्डिनेटर एवं कुछ बिचौलियों के द्वारा योग लाभुकों का आवेदन गुम कर दिया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए तेंदुइ मुखिया उषा देवी के पति समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि बीते कार्यक्रम में 600 से अधिक आवेदन आवास कोऑर्डिनेटर को दिया गया था। जिसे बांधकर इनके द्वारा कहा गया कि आवेदन हम ब्लॉक में ऑनलाइन करेंगे। लेकिन कुछ बिचौलियों के साथ बैठकर उन्होंने वैसे व्यक्ति का आवेदन ऑनलाइन किया जिनका पहले से पक्का का घर था एवं पूर्व से आवास आवंटित है या अधूरा पड़ा है। मुखिया पति दूरभाष के माध्यम से लगातार पंचायत सेवक आवास कोऑर्डिनेटर से निवेदन किया है कि किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम नहीं छूटे परंतु इन लोग कहते हैं कि हम लोग कर दिए हैं जबकि वास्तविकता कुछ और है आवास जांच के समय में अधिकांश योग व्यक्ति का नाम ही नहीं है जिसका होना चाहिए था पंचायत सेवक से पूछे जाने के बाद वह आवास कोऑर्डिनेटर पर आरोप लगाते हैं आवास कोऑर्डिनेटर के द्वारा कहा जाता है कोई नहीं छूटा है इस प्रकार प्रखंड कर्मियों के द्वारा गुमराह कर मेरा पंचायत को बरबाद किया जा रहा है आवास सर्वेक्षण का कोई भी जानकारी मुखिया को नहीं दिया जाता है कि कौन योग है कौन अयोग्य है पंचायत सचिव अपने मन मुताबिक चयन कर रहे हैं। पूर्व के भी आवास योजना में भी इसी तरह किया गया था जो लाभुक पैसा दिया था उसका आवास बना जो नहीं दिया उसको पक्का दिखाकर आवास लौटा दिया गया था आज भी मुख्यमंत्री आवास एंट्री में वही किया गया है जो लोग बिचौलियों के द्वारा एंट्री के लिए पैसा दिया था उसका हीं नाम एंट्री हुआ है जो व्यक्ति पैसा नहीं दिया है उसका रह गया है या आवेदन भी गुम कर दिया गया है इन सारी बातों की सूचना मे उपायुक्त महोदय उप विकास आयुक्त पलामू एवं मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष में जाकर रखूंगा।

# विश्रामपुर में खुला धान क्रय केंद्र, किसानों को बिचौलियों से मिलेगी मुक्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पुरानी ब्लॉक परिसर में गुरुवार को धान क्रय केंद्र खुला। धान क्रय केंद्र का उद्घाटन स्थानीय विधायक पुत्र, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी व बीडीओ विक्रम आनंद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। चंद्रवंशी ने कहा कि क्रय केंद्र खुल जाने से किसानों को फसल का उचित कीमत मिलेगा। किसानों को किसी भी कीमत पर बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर धान बेचने की जरूरत नही है। उन्होंने कहा कि बगैर किसी भेद-भाव के वास्तविक सभी किसानों का धान क्रय होना चाहिये। बीडीओ विक्रम आनंद ने कहा कि किसी भी प्रकार का दलाली व बिचौलियागिरी बर्दास्त नही की जायेगी। इसे खुलने से किसानों को काफी राहत मिलेगी मौके पर नोडल पदाधिकारी सह एमओ संजय कुमार, क्रय पदाधिकारी इम्तियाज हुसैन, भाजपा समजसेवी विजय कुमार रवि, भाजपा नेता मनीष कुमार, इदरीश हवारी, विश्रामपुर फैक्स लिमिटेड के अध्यक्ष सुमित शेखर, संजय ठाकुर, डीलर हरेकृष्णा सिंह, रामजी विश्वकर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार, गिरधारी साव, रामराज गुप्ता सहित सभी कार्यकरणी सदस्य तथा कई किसान मौजूद थे।

# खरौंधी में नाई संघ का किया गठन, धीरज बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** अखिल भारतीय नाई संघ का गुरुवार को बैठक किया गया। बैठक में नाई संघ के सदस्यों के द्वारा समाज के उत्थान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में नाई समाज में फैल रहे कुरीति को भी लेकर चर्चा किया गया एवं समाज पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को दूर करने पर विचार वीमर किया गया। नाई समाज नाई समाज खरौंधी प्रखंड के द्वारा निर्णय लिया गया कि गुरुवार को सभी सैलून दुकान साप्ताहिक बंद रहेगा। नाई समाज के प्रखंड़ कमिटी के गठन को लेकर चर्चा किया गया। जिसमें धीरज ठाकुर को नाई संघ का प्रखंड़ अध्यक्ष चयनित किया गया, वही छुनु को सचिव बनाया गया। जबकि सुधीर ठाकुर को उपाध्यक्ष, दिलीप ठाकुर सहित कई लोगों को सदस्य के रूप में चयनित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील ठाकुर ने किया। उक्त मौके पर कई लोगों उपस्थित थे।

# पिकनिक स्पॉटो पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** नए वर्ष में थाना क्षेत्र के सभी पिकनिक स्पॉटो पर पैनी नजर रहेगी उक्त बातें धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा, उन्होंने बताया की थाना क्षेत्र के सभी पिकनिक स्पॉटो पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी सभी पिकनिक स्पॉटो पर पुलिस सुरक्षा बल की तैनाती की जायेगी, उन्होंने बताया की क्षेत्र में गस्ती, बेवजह शराब पीकर घूमने वाले पर अंकुश लगाने तथा तेज गति से वाहन चलाने वाले पर पुलिस प्रशासन की विशेष नजर रहेगी, उन्होंने कहा की इस दौरान सड़क सुरक्षा को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाई जायेगी, उन्होंने वाहन चलाने वाले लोगो से अपील करते हुए कहा की मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेंट पहन कर चले, ट्रिपल लोडिंग नही चले, शराब पीकर वाहन नही चलाए,नियम के विरुद्ध चलने वाले पर पुलिस प्रशासन की नजर रहेगी थाना प्रभारी ने कहा की आने वाले एक जनवरी को नए वर्ष के उपलक्ष्य में अपने परिवार के साथ सुखी संपन्न से मनाएं, अगर पिकनिक स्पॉटो पर घूमने के लिए जाते है तो खुद से सतर्क रहें और अपने परिवार व अपने बच्चे पर नजर बनाएं रखें उन्होंने नए साल पर प्रखंड के सभी लोगों का बधाई दिया है।

# कर्नल कप: पेनाल्टी शूटआउट में पथरा ने बभंडी को हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** कर्पूरी मैंदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को पथरा का सामना बभंडी से हुआ। दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिला। निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रही। उसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ जिसमें पथरा ने बभंडी को 3-0 से हराकर विजय हासिल किया। इस मैच से पूर्व अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी और दोनों टीमों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों से संयम के साथ खेलने का अपील किया। आज मैच के दौरान मशहूर फुटबॉलर जय कुश सिंह पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर अधिवक्ता आलोक कुमार पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, अभय सिंह, वीर बहादुर सिंह, इसरार अहमद, धीरेंद्र सिंह, महेन्द्र वर्मा ज्ञानू सिंह पियुष पाठक व प्रह्लाद ठाकुर सहित हजारों संख्या में फुटबॉल प्रेमी उपस्थित थे। शुक्रवार को अमही और पतरिया की टीम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए एक दुसरे को टक्कर देते हुए नजर आएंगे।

# बीस सूत्रीय प्रखंड अध्यक्ष ने गरीबो के बीच किया कम्बल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने गुरुवार को कई गांव में घूम घूम कर गरीब, असहाय, वृद्ध, विधवा व निशक्तों के बीच 100 कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गरीब, असहाय लोगों की मदद करना कांग्रेस पार्टी की परंपरा रही है.यह हमारी सभ्यता व संस्कृति भी है.ऐसा पुनीत कार्य करने के लिये पार्टी को दैवी कृपा भी है। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्य करने की प्रेरणा हम सबों को कांग्रेस पार्टी से ही मिलती है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई है,देश की आजादी से लेकर देश मे विकास का जो भी कार्य कांग्रेस द्वारा किया गया है, उसे देश की जनता अच्छी तरह से जानती है। उन्होंने कहा कि इस तरह गरीब, असहाय लोगों के सहयोग करने से लोग तो लाभान्वित होते ही है, अपना मन भी धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी इस तरह का कार्य करते रहेंगे, जिससे समाज के सभी वर्गों का उत्थान किया जा सके।

# पिपरा प्रखंड क्षेत्र में किसानों को दिया गया मक्का का बीज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड कार्यालय पर पंचायत तेंदुई के अंबाझरना एवं पंचायत बभन्डी के तरवन कला एवं धवतर के किसानों के बीच मक्का का बीज का वितरण किया गया। बीज पाने के बाद किसान काफी खुश दिखे। किसानो की सूची कृषक मित्र के द्वारा बनाया गया था। बीच की मात्रा सीमित रहने के कारण कुछ किसानों को बीज प्राप्त नहीं हुआ वैसे लोग कुछ निराश दिखे। इस मौके पर उपस्थित प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रंजीत कुमार ने कहा कि जिन ग्राम का चयन मक्का के बीज के लिए किया गया है उस ग्राम से संबंधित किसान मित्र जल्द से जल्द बीज का उठाव कर ले। मौके पर उपस्थित प्रखंड बीएफएसी अध्यक्ष गौतम राज राजा बाबू की देखरेख में बीज का वितरण किया गया। वहीं गौतम राज ने कहा कि जब से मैंने इस पद पर कार्य करना प्रारंभ किया है उस वक्त से पूरी पारदर्शिता के साथ बीच का वितरण किया जा रहा है। हमारा यही प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा किसानों तक बीज का वितरण हो। पिछले दो महीना में प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश ग्राम के किसानों को कोई ना कोई बीज प्राप्त हुआ है आने वाले समय में भी जो ग्राम वंचित रह गए हैं उन्हें पहले प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार के द्वारा हर बार काफी कम मात्रा में बीज उपलब्ध कराया जा रहा है मात्रा इतनी कम होती है कि समझ पाना मुश्किल हो जाता है वितरण कैसे करें फिर भी जब से मैं कार्य करना प्रारंभ किया है किसानों को बीज उनके हाथों में दिया जाता है। आने वाले समय में उच्चपदाधिकारी से बात कर बीच की मात्रा को बढ़ाने का अनुरोध करूंगा।

# एआईडीएसओ स्थापना दिवस पर विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एसडीओ को सौपा सात सूत्री मांग पत्र




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन अपने 70 वां स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा.इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सचिव मंडल के सदस्य जूलियस फुचिक ने कहा कि संगठन अपने स्थापना काल से ही जनवादी,धर्म निरपेक्ष और वैज्ञानिक शिक्षा की मांग को लेकर छात्रों को संगठित करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों में संगठन छात्रों की समस्याओं को लेकर आंदोलन संगठित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ शिक्षा बचाने की नही है,बल्कि सभ्यता व इंसानियत बचाने की लड़ाई भी है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की बदहाली अपने चरम पर है.सरकार द्वारा लगातार शिक्षा के बजट में कटौती किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति 2020 बची खुची सरकारी शिक्षा को समाप्त कर रही है। अनुमंडल पदाधिकारी को दिये मांगपत्र में सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में कक्षा का संचालन नियमित करने, पुस्तकालय में पुस्तक व लैब की उचित व्यवस्था कराने, जरूरतमंद छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति देने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वापस लेने, रिक्त पदों पर शिक्षकों की बहाली करने, सेमेस्टर सिस्टम को रद्द करने तथा विद्यालय में शौचालय व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग शामिल है। मौके पर जिलाध्यक्ष राम बचन यादव, सचिव रौशन आरा, अर्चना कुमारी, अनुराधा कुमारी, सुनैना कुमारी, कुणाल कुमार, राहुल कुमार, कयामुद्दीन अंसारी, साक्षी कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# मुखिया ने 160 गरीब, असहाय, दिव्यांग व जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के चितविश्राम पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया सनिधा सोनी ने 160 गरीब, असहाय, दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कड़ाके की पड़ रही ठंड को देखते हुये सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गये कम्बल का वितरण गरीब, असहाय, दिव्यांग व जरूरतमंद लोगों के बीच किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि कंबल पाकर गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोग काफी खुश दिखे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, वार्ड सदस्य सलीम अंसारी, अजीज अंसारी, रइस अंसारी, गोपाल राम, रामेश्वर राम, राजा राम, कंचन कुँवर, निर्मलिया कुँवर, सहोदर देवी, फूलमती देवी,सकिला देवी, मो अली, हसनु अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पत्नी की प्रेमिका गिरफ्तार, भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दिनांक 04.12.23 को वादिनी प्रेमा देवी पति दुखी राम सा0 पथरा, थाना हुसैनाबाद जिला पलामू के द्वारा, लंगरकोट गांव के पास वादिनी के बेटा सुनिल राम का गला काट कर हत्या का प्रयास तिन अज्ञात मोटरसाईकिल सवार के द्वारा किया गया, था इस घटना में पिडित गंभीर रुप से जख्मी है और बेहतर ईलाज हेतू रिम्स रॉची में इलाजरत है। इस संबंध में हुसैनाबाद एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि वादिनी के द्वारा हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया गया था जिस आधार पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी हुसैनाबाद थाना कांड सं0 306/23 दिनांक 05.12.23 धारा 341/324/326/307/34 भा0द0वि0 के अन्तर्गत अज्ञात तिन मोटरसाईकिल सवार के विरुद्ध दर्ज किया गया था कांड में अग्रतर अनुसंधान में तैनात गुप्तचरो और कॉल डिटेलस/तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त रौशन कुमार पे0 अर्जुन राम सा0 मझीआवा थाना नवीनगर जिला औरंगाबाद राज्य बिहार को गिरफतार किया गया, इनके द्वारा कांड में सल्पित होने की बात स्वीकारी की गयी है साथ ही इस धटना में इनके साथ दो अन्य लोग की सल्पित होने की बात स्वीकारी की गयी। इस घटना में प्रयुक्त चाकु दो मोबाइल की बारामदगी गिरफतार अभियुक्त के लंगरकोट गांव स्थित रुम से कर ली गयी है। गिरफतार अभियुक्त के द्वारा बताया गया कि पिडित की पत्नी से इनका प्रेम प्रसंग है, पिडित की पत्नी विवाह से खुश नहीं थी इस लिये अपने प्रेमी से घटना को अंजाम दिलवाया जिसमें गिरफतार अभियुक्त का नाम रौशन कुमार पे0 अर्जुन राम सा0 मझीआवा थाना नवीनगर जिला औरंगाबाद राज्य बिहार निवासी हैं पुलिस ने बरामद धटना में प्रयुक्त चाकू एवं दो मोबाईल फोन। छापामारी दल में सामिल पुलिस पदाधिकारी / पुलिस कर्मी =-पु0नि0 सह थाना प्रभारी हुसैनाबाद पलामू जगन्नाथ धान, पु0अ0नि0 सूचित राणा (अनु0कर्ता)स0अ0नि0 सोम प्रकाश . सशस्त्र बल मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 354

शुक्रवार

29.12.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### गुना बस हादसे में 13 मौतों को लेकर एक्शन में सीएम मोहन यादव, कलेक्टर-एसपी पर गिरी गाज

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुना बस हादसे मामले में सख्त एक्शन लिया है. प्रदेश के परिवहन आयुक्त, गुना कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक समेत जिले के अन्य दो बड़े अधिकारियों पर गाज गिराई है. गुना कलेक्टर तरुण राठी का भोपाल तबादला कर दिया है. एसपी विजय कुमार खत्री को भी हटाकर पुलिस मुख्यालय भोपाल भेज दिया गया है. इसके अलावा, संजय कुमार झा को परिवहन आयुक्त के पद से हटा दिया है. वहीं, जिले क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया और नगर पालिका गुना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीडी कतरोलिया को सस्पेंड कर दिया है.

### नव वर्ष से पहले सरिस्का हुआ गुलजार, पर्यटकों में टाइगर की साइटिंग को लेकर उत्साह

**अलवर** : नव वर्ष से पहले ही सरिस्का बाघ परियोजना में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। दोनों पारियों में जिप्सी, कैंट्रा फुल चल रहे है। सरिस्का की टिकट विंडो पर पर्यटकों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। इस साल के अंतिम सप्ताह में रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक सरिस्का घूमने आ रहे है। शीतकालीन अवकाश के चलते पर्यटक टाइगर देखने के लिए उत्सुक दिखाई दे रहे हैं। कोहरा के बावजूद सुबह की शिफ्ट में भी पर्यटकों में टाइगर देखने के लिए उत्साह दिखाई दे रहा है। सरिस्का में जैसे-जैसे बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है, वैसे ही पर्यटकों की संख्या में भी अब निरंतर इजाफा हो रहा है। पर्यटक सरिस्का जंगल के वन्यजीव और टाइगर देखने पहुंच रहे हैं।

### कैलाश विजयवर्गीय ने राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद उन्हें इस्तीफा सौंपा। गुरुवार को कैलाश विजयवर्गीय ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा, आज मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद के अनुसार मैंने महासचिव पद से उन्हें इस्तीफ़ा सौपा।

### सात आईपीएस का सलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन

**रांची :** राज्य सरकार ने 2011 बैच के सात आईपीएस को सलेक्शन ग्रेड प्रमोशन और दो को परफॉर्मा प्रमोशन दिया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार सेलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन पाने वाले में चंदन कुमार झा, प्रियदर्शी आलोक, चंदन कुमार सिन्हा, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा, मणिलाल मंडल और अंबर लकड़ा शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर परफॉर्मा प्रमोशन पाने वाली लिस्ट में शिवानी तिवारी और जया राय का नाम है। ये दोनों आईपीएस वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

### जयपुर और दिल्ली समेत 7 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर** : राजधानी जयपुर सहित आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट अधिकारियों को ईमेल पर एयरपोर्ट और प्लेन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कार्यालय कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल मिलने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया।जानकारी मिलने पर सीआईएसएफ के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। इसके बाद स्थानीय एयरपोर्ट थाना पुलिस की मदद से एयरपोर्ट और वहां लैंड होने वाली फ्लाइट्स की जांच शुरू कर दी। पुलिस को अब तक की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। ईमेल किसने भेजा और कहां से आया, अधिकारी इसका पता लगा रहे हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $22^0$ |
| न्युनतम | $10^0$ |

सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सीएम ने पत्रकारों के साथ किया संवाद

# हर चुनौतियों से निपटने को तैयार है झारखंड : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता है वैसी स्थिति में कोरोना जैसी आपदा राज्य के लिए अभिशाप जैसी थी।हमारी सरकार ने वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के समय भी अन्य राज्यों के अपेक्षा झारखंड में बेहतर कार्य किया तथा गरीब, मजदूर, किसान सहित सभी को सुरक्षा प्रदान करते हुए महामारी का डटकर सामना किया। वैश्विक महामारी के चपेट में आकर हमारे मंत्रिमंडल के दो मंत्री भी शहीद हुए।उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने आवासीय परिसर में आयोजित पत्रकार संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार पूरे झारखंडियों की सरकार है। शुरुआती दिनों से ही हमारी सरकार ने राज्य के हर वर्ग, हर समाज को लेकर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण और प्रभावी अभियान रहा है। इस अभियान के तहत हम विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे हैं। 29 दिसंबर 2023 को इस अभियान के तीसरे चरण का अंतिम पड़ाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य होने के वजह से यहां आर्थिक, शैक्षणिक स्तर पर सहित कई विषमताएं रही हैं। इस अभियान के माध्यम से इन विषमताओं पर काम करने का पुरजोर कोशिश हुई है।

#### कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों, शिक्षकों आंगनबाड़ी कर्मियों सहित कई अनुबंधकर्मियों की मांगों को पूरा किया

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमने राज्य में महत्वपूर्ण राज्य सरकार के अंश के रूप में कार्य कर रहे कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों, शिक्षकों आंगनबाड़ी कर्मियों सहित कई वर्ग के अनुबंधकर्मियों की पुरानी मांगों को पूरा करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश में सरकार के कर्मियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर सड़कों पर आंदोलन किया है।झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां पुरानी पेंशन योजना लागू हुई है। हमारी सरकार ने झारखंड में सर्वजन पेंशन योजना लागू करने का काम कर दिखाया है। सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला झारखंड पूरे देश में पहला राज्य है।

#### राज्य कर्मियों को संवेदनशील बनाने का किया प्रयास

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य कर्मियों को संवेदनशील बनाने का प्रयास किया है। जिस उद्देश्य के साथ हम लोगों ने सरकार बनाई उसे उद्देश्य को पूरा करने के लिए यह सरकार अबतक गांव के लोगों के साथ, राज्य की जनता के भावनाओं के साथ कम से कदम मिलाकर चलने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। आगे हम लोगों को और कई चुनौतियों से सामना करना है परंतु इन चुनौतियों से निपटने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं।



#### सभी वर्गों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का किया प्रयास

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं बेरोजगारों सहित सभी वर्ग को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया है। आगे भी करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। मेरा मानना है कि राज्य का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब हम गांव को मजबूत करेंगे, जब गांव मजबूत होगा तभी शहर और राज्य मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम झारखंड के गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर राज्य के माथे पर जो पिछड़ेपन का टैग लगा है, उसे हटाने में जरूर कामयाब होंगे।

#### केंद्र से नहीं मिला अपेक्षित सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य का सर्वांगीण विकास केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के आपसी समन्वय से होता है परंतु मेरा मानना है कि केंद्र सरकार से जो सहयोग हमें मिलना चाहिए था वह अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिला है। केंद्र सरकार से कम सहयोग मिलने के बावजूद सरकार ने कदम रोके नहीं बल्कि निरंतर आगे बढ़ते रहे।

#### आने वाली पीढ़ी को बना रहे हैं सशक्त

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार आने वाली पीढ़ी को सशक्त करने के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने झारखंड के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि की है, वहीं सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना से बच्चियों को जोड़ा गया है। इस योजना के तहत सभी पात्र बच्चियों को आर्थिक सहयोग किया जा रहा है ताकि उनकी पढ़ाई बीच में रुके नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा हेतु विदेश में पढ़ाई करना चाहते हैं उन्हें भी मरंग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया जा रहा है।

कांग्रेस के 139वें स्थापन दिवस के अवसर पर नागपुर में हुआ रैली का आयोजन

# देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई : राहुल गांधी



**एजेंसी**

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कांग्रेस ने नागपुर में विशाल रैली का आयोजन किया। दरअसल कांग्रेस के 139वें स्थापन दिवस के अवसर पर इस रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नाम हैं तैयार हम था। यहां पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि अंबेडकर जी की कर्मभूमि में आकर खुशी हुई। देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। लोगों को लगता है ये राजनीतिक और सत्ता की लड़ाई है। वो है पर लड़ाई की नींव विचारधारा की है। यह दो विचारधारा की लड़ाई है। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ दिन पहले एक बीजेपी का सांसद मुझे लोकसभा में मिला। बहुत सारे लोग पहले कांग्रेस में थे। ये भी था। ये मुझे छुप के मिला, क्योंकि उसे बात करनी थी। उसके चेहरे पर टेंशन थी। उसने कहा कि बीजेपी में रहकर सहा नहीं जाता। शरीर बीजेपी में लेकिन दिल कांग्रेस में है। उसने कहा, बीजेपी में गुलामी चलती है। जो ऊपर से कहा जाता है वही करना पड़ता है। राजा पहले आदेश देते थे, वैसे चल रहा है। बीजेपी में कोई चॉइस नहीं होती है। हमारे नाना पटोले ने किसानों को लेकर मोदीजी से सवाल पूछा। मोदी को सवाल अच्छा नहीं लगा पटोले आउट हुए बीजेपी से। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में आवाज नीचे स्तर से आती है। हमारा कोई छोटा कार्यकर्ता किसी भी नेता को टोक सकता है। मुझ से भी सवाल पूछते है, फिर मैं उनको कारण बताता हूं। मैं उनकी सुनता हूं। भले सहमत न हूं। राहुल गांधी ने कहा कि लोग कहते हैं कांग्रेस ने क्या किया? पहले अंग्रेज थे, राजाओं को गनसलूट दिया जाता था। देश की जनता को कोई अधिकार नहीं था। गरीब की जमीन अगर राजा को अच्छी लगी तो एक सेकेंड में ले सकता था। सारे अधिकारी जिनकी रक्षा संविधान करता है, जो अंबेडकर जी ने,गांधी जी ने,नेहरू जी ने खून पसीने से बनाया ये कांग्रेस पार्टी ने दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा कि हमें इस बात पर गर्व है कि बीते 138 सालों में हमने पूरी ईमानदारी से ऐसा भारत बनाने के लिए संघर्ष किया है। कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं। पार्टी के स्थापना दिवस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी मुख्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया। इस दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## रांची : सड़क हादसे में चार लोगों की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास इन्क्लेव बूटी के पास रांची-हजारीबाग रोड पर तेज रफ्तार कार के बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मारने के कारण चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें रिम्स भेजा। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतक बरियातू बस्ती व ओरमांझी के रहने वाले थे। सदर थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत ने बताया कि गुरुवार रात करीब दो बजे की घटना है।

स्विफ्ट डिजायर कार से राजू साह को छोड़ने के लिए ओरमांझी जा रहे थे। इसी क्रम में चौधरी पेट्रोल पंप व विकास इन्क्लेव के बीच सड़क हादसा हो गया। इसमें कार चालक समेत कार में बैठे अन्य तीन युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। टक्कर इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में ओरमांझी निवासी राजू साह, बरियातू निवासी अफरोज आलम, साबिर अंसारी और अमीर हुसैन हैं। बताया जाता है कि सड़क दुर्घटना की आवाज सुनकर अगल-बगल के ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े। साथ ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सदर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकाला और रिम्स भिजवाया। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

## कतर में 8 भारतीय नौसैनिकों को फांसी की सजा पर रोक



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** कतर में गिरफ्तार 8 पूर्व नेवी अफसरों को मौत की सजा पर रोक लगा दी गई है. पिछले साल कतर में गिरफ्तार किए गए 8 पूर्व भारतीय नेवी ऑफिसर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी. अदालत के इस फैसले पर भारत सरकार ने हैरानी जताई थी.भारतीय नौसेना के ये सभी आठ पूर्व ऑफिसर पिछले साल अगस्त से ही कतर के जेल में बंद हैं. कतर ने अभी तक इन सभी पूर्व ऑफिसर्स के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जानकारी नहीं दी है. हालांकि, मामले से परिचित लोगों का कहना है कि इन सभी पर जासूसी करने का आरोप लगाया गया है. भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है,दहरा ग्लोबल केस में गिरफ्तार पूर्व नेवी ऑफिसर को लेकर आए आज के उस फैसले पर हमने गौर किया है, जिसमें सजाएं कम कर दी गई हैं. कतर के कोर्ट ऑफ अपील के विस्तृत फैसले की हम प्रतीक्षा कर रहे हैं. इसके अलावा हमारा अगला कदम क्या होगा, इस पर भी निर्णय लेने के लिए हम कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ भी संपर्क में हैं.सभी लोग कतर की एक निजी कंपनी में काम कर रहे थे. यह कंपनी कतरी एमिरी नौसेना को ट्रेनिंग और अन्य सेवाएं प्रदान करती है. मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, कंपनी का नाम दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी एवं कंसल्टेंसीज सर्विसेज है. कंपनी खुद को कतर रक्षा, सुरक्षा एवं अन्य सरकारी एजेंसी की स्थानीय भागीदार बताती है. रॉयल ओमान वायु सेना रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर खामिस अल अजमी इस कंपनी के सीईओ हैं.

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का आठ तक धरना स्थगित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में 18 सदस्य शामिल थे।

विनोद पाण्डेय ने संघ के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों के प्रति सरकार गंभीर है।

यह सरकार स्थानीय और मूलवासियों की सरकार है। पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का भी कल्याण इसी सरकार के जरिये किया जाएगा। यह सरकार राज्य के युवा और बेरोजगारों के प्रति अपना सकारात्मक नजरिया रखती है। हम किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देंगे। वार्ता के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने संतुष्ट होकर यह निर्णय लिया की आगामी आठ जनवरी तक अभी धरना का कार्यक्रम स्थगित रखा जाएगा। आठ जनवरी को संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे से मुलाकात करेगी। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम जो 29 दिसंबर को प्रस्तावित था, उसे स्थगित कर दिया है।

## डीसी के स्कॉट गाड़ी का चालक और एसपी आवास के ड्राइवर ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** पलामू जिले के उपायुक्त के स्कॉट गाड़ी के चालक और पुलिस अधीक्षक आवास के चालक ने एक ग्रामीण महिला के साथ दुष्कर्म किया. मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है.मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र और गुरुवार सुबह की घटना बताई गई है. एसपी आवास के ड्राइवर का नाम प्रकाश कुमार है और डीसी के स्कॉट गाड़ी के चालक का नाम धर्मेंद्र कुमार है.बताया जाता है कि चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव पंचायत क्षेत्र की एक महिला गुरुवार सुबह डालटनगंज रेलवे स्टेशन से निकलकर डॉक्टर के पास इलाज करने के लिए जा रही थी. महिला की उम्र 20 वर्ष बताई गई है और वह तीन बच्चों की मां है. स्टेशन से निकलने के क्रम में महिला के मोबाइल में रिचार्ज करने के बहाने उसे झांसे में लिया और




फिर दोनों चालक उसे लेकर स्टेशन के समीप अपने किराए के मकान पर पहुंचे और बारी- बारी से दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया.घटना के बाद महिला शहर थाना पहुंची और शिकायत दर्ज कराई. सूचना मिलते ही दोनों चालकों मोबाइल लोकेशन का सीडीआर निकाला गया और मिलान होने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया. तीनों की मेडिकल जांच करने के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया गया है.जिले की एसपी रीशमा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों चालकों को गिरफ्तार कर लिया गया है. उनकी मेडिकल जांच कराई जा रही है. महिला की भी मेडिकल जांच कराई जाएगी. घटना के संबंध में एक टीम जांच में लगाई गई है.

### बर्लिन अस्पताल मामले में ईडी ने प्रीति कुमार को किया समन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल मामले में आईएएस अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार को समन जारी किया है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि ईडी ने समन जारी करते हुए प्रीति कुमार को तीन जनवरी को पूछताछ के लिए ईडी के स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि गत पांच दिसम्बर को ईडी ने बर्लिन अस्पताल में सर्वे किया था।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## शिवम शिल्प कला का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिवम शिल्प कला ने जाहिरा बस्ती सोनारी के नाई जगृति समाज के कार्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष मधु सिंह के विशेष आमंत्रण पर नेत्र चिकित्सक डॉ अनिता कुंडू ने बस्ती के लोगों का नेत्र जांच किया। साथ ही महिलाओं के बीच माहवारी स्वछता की भी जानकारी दी गई। उपास्थित लोगों के बीच पैड, खान सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर सोनू बिस्वाल, आभा झा, निशा सिंह सिंह, चमनदीप गिल, ऐश्वर्या झा, स्तुति पॉल,दिशा रॉय,विदिशा बिस्वाल,रेखा जॉन पॉल ने सेवा दी। नाई जागृति संघ के अध्यक्ष रवि कुमार ठाकुर ,उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर,प्रदेश कोषाध्यक्ष उदय ठाकुर,सचिव संभु ठाकुर,अनिल ठाकुर, तीर्थनाथ ठाकुर,जय प्रकाश ठाकुर,प्रदुमन ठाकुर को सहयोग के लिए मधु सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## प्रेशर, शुगर सहित कई बीमारियों का इलाज योग में संभव



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीमडीह के अंतर्गत बांदू स्थित योग भवन में वर्तमान सत्र 2022-23 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित परीक्षा संपन्न हुआ। गांव बांदू स्थित योग भवन बांदू के योगाचार्य बंक बिहारी महतो ने जानकारी देते हुए बताए की वर्तमान समय के इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य अपने शरीर के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण गलत खान पान से विभिन्न प्रकार के रोग से पीड़ित होते जा रहे है, जिसका इलाज बिना किसी दवा के योग द्वारा किया जा सकता है। लोग प्रेशर,शुगर एवं अन्य प्रकार के बीमारियों से ग्रसित है और केमिस्ट दवाइयों के उपयोग से शरीर स्वस्थ पर प्रभाव पड़ने से रोग के प्रति प्रतिरोध क्षमता घटती जा रही ह। योग द्वारा इन सभी प्रकार का इलाज है जो हमारे योग भवन में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

## जगधात्री मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया क्षेत्र के बांका पाड़ा, जगधात्री मंदिर प्रांगण में आज एक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था, जिसमें करीब 9000 श्रद्धालुओं ने श्रीमदभागवत जी महा प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा में खिचड़ी, सब्जी, खीर, रसगुल्ला आदि की व्यस्था किया गया था। इसे सफल बनाने में करीब 100 सदस्यों ने अपनी सेवा दी। वही महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ के अपना योगदान दिया। आज का आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्राम वासी ने अपना योगदान दिया।



## दिवंगत श्यामापद के शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे जिला सदस्य सुदर्शन स्वांसी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला सदस्य सुदर्शन स्वांसी ने गुरुवार को झामुमो बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष रहे दुंदू गांव निवासी दिवंगत श्यामापद महतो के शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। साथ ही उन्होंने परिजनों को नास्ते के लिए ड्राई फूड (काजू, किशमिश, पिस्ता बादाम, खजूर) व सेव सौपतें हुए आगे चलकर भी हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। स्वांसी ने बताया कि श्यामापद पार्टी के सच्चे सिपाही थे। उनके अचानक चले जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने परिजनों को दुःख की इस घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने हेतु भगवान से प्रार्थना की है। मौके पर जिला सचिव घनश्याम महतो, जिला उपाध्यक्ष शम्भू दास, दुर्योधन महतो, सुशील बेसरा, रबिन भूमिज, गोपाल महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## श्यामापद महतो के परिजनों से मिले कई आंदोलनकारी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष सह आंदोलनकारी रहे दुंदू गांव निवासी श्यामापद महतो के आकस्मिक निधन की सूचना पर गुरुवार को उनके घर पहुंचे झामुमो नेता सह झारखंड आंदोलनकारियों ने शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए राज लकड़ा ने कहा कि हमें अपना एक साथी को खो कर बहुत दुःख हुआ है। इस दौरान मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी सह वरिष्ठ झामुमो नेता राज लकड़ा, कालू गोराई, डी राकेश राव व मिंटू सिंह आदि उपस्थित थे।



## आशीर्वाद आटा का नया कैम्पेन लॉन्च-'लिख के ले लो'

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के नंबर 1 आटा ब्राण्ड आशीर्वाद ने एक महत्वपूर्ण और अनूठा कदम उठाते हुए अपना एक नया कैम्पेन 'लिख के ले लो' लॉन्च किया है। इसका मकसद ग्राहकों को आटे के जरूरी गुणवत्ता मानकों की जानकारी से लैस करना है। ब्राण्डेड आटा सेगमेंट में एक जिम्मेदार लीडर के तौर पर, आशीर्वाद पारदर्शिता और भरोसे को बढ़ावा देने के लिए पर्सनलाइज्ड 'क्वॉलिटी सर्टिफिकेट' लेकर आया है। आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटे का हर पैक क्यूआर कोड के साथ आता है जिससे ग्राहकों को अपने आटे के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही बेजोड़ क्वॉलिटी देने का ब्राण्ड का संकल्प भी मजबूत होगा।




## टुमागकोचा में एकांतो अपोन ने कंबल वितरण किया

**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकांतो अपन परिवार के सदस्यों द्वारा गुरुवार को टुमागकोचा गांव में गरीबों के बीच ठंड से बचाव को लेकर वस्त्र वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बुद्धेश्वर मुर्मू, सुब्रत आदित्य, प्रदीप कुमार सील, शरेण घोष राय, मिंटू कुमार, स्कूल की अध्यापिका लक्ष्मी मार्डी का काफी योगदान रहा।



# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में शीर्ष 3 स्थानों पर रहा पूर्वी सिंहभूम

- जिले के 5 विधानसभा क्षेत्र में मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन 10 जनवरी से होगा संचालित

**1 लाख 80 हजार फॉर्म जमा व 1 लाख 70 हजार फॉर्म की हुई एंट्री**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा प्रेस वार्ता में प्रेस प्रतिनिधियों से आवश्यक जानकारी साझा की गई। इस दौरान एसएसआर 2024 कार्यक्रम के तिथियों में विस्तार की जानकारी दी गई, साथ ही चुनाव प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए ईवीएम जागरूकता के तिथियों से भी अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया एसएसआर 2024 में विशेष उपलब्धि हासिल की गई जिसमे सभी मानकों में पूर्वी सिंहभूम जिला शीर्ष 3 स्थानों पर रहा है। इसके लिए सभी मीडिया बंधुओं, राजनीतिक दलों और टीम का विशेष आभार जताया और आगे भी इसी तरह कुशलता पूर्वक कार्यो का निष्पादन करने की अपील किया। उन्होंने बताया कि विगत अभियान के तहत कुल 1 लाख 80 हजार फॉर्म जमा किए गए हैं और कुल 1 लाख 70 हजार फॉर्म की एंट्री की गई है। प्राप्त सभी दावा एवं आपत्ति संबंधी आवेदनों का निष्पादन संशोधित तिथि के अनुसार 12.01.2023 तक किया जाना निर्धारित है। मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन की संशोधित तिथि 22.01.2023 है। पूर्वी सिंहभूम जिले में 5 विधानसभा क्षेत्र में मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन 10 जनवरी, 2024 से संचालित किया जाएगा। इनमें 44 बहरागोड़ा, 45 घाटशीला (एसटी), 46 पोटका (एसटी), 47 जुगसलाई (एससी), 48 जमशेदपुर पूर्वी और 49 जमशेदपुर पश्चिमी शामिल हैं। मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से आम लोगों को ईवीएम वीवीपीएट की जानकारी देते उन्हे जागरूक किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील किया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करें, इसके अलावा पुनरीक्षण कार्य में भी सहयोग करें और बीएलओ को सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए लोगों को जागरूक करें।

## ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात जारी, कई किसानों को किया बर्बाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का झुंड किसानों पर लगातार कहर बरपा रहा है, जिससे किसान काफी भयभीत व चिंतित है। खेतों में लगे फसल को आए दिन रौंद कर बर्बाद कर दे रहे है। इस क्रम में गुरुवार की अहले सुबह 4-5 हाथीयों का झुंड ने उत्पात मचाते हुए खीरी गांव के फूलमनी महतो,राम विलास महतो व सरला देवी का खेतों में लगे लौकी खेती को खा कर व रौंद कर नष्ट कर दिया इसके अलावा डुमरा गांव के माधु चक्रवर्ती का खेतों में पके धानों को रौंदकर नष्ट कर दिया। वहीं कई किसानों के खेतों में लगे सब्जी व धानों को हाथीयों ने रौंदकर नष्ट कर दिया। किसानों का कहना है कि वन विभाग को सिर्फ क्षतिपूर्ति का मुआवजा नहीं देकर पुरे उत्पादन का आकलन कर मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने वन विभाग से हाथियों को क्षेत्र से भगाने का भी मांग किया है।

## केक काटकर व आतिशबाजी करके घाटशिला कांग्रेसियों ने मनाया स्थापना दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 139वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर गुरुवार को झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव सह बीस सूत्री पूर्वी सिंहभूम जिला सदस्य सनत कालटू चक्रवर्ती के नेतृत्व में मऊभंडार मजदूर यूनियन कार्यालय में कांग्रेसियों ने झंडातोलन, डीजे, केक काटकर एवं आतिशबाजी करके स्थापना दिवस मनाया। मौके पर कार्यालय में प्रकाश सज्जा भी लिया गया। मौके पर कांग्रेस नेता सनत कालटू चक्रवर्ती ने सभी देशवासियों को कांग्रेस स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी नहीं है। ये स्वतंत्रता आंदोलन की उपज है, 1857 की स्वतंत्रता क्रांति की असफलता के बाद सभी क्रान्तिकारियों ने महसूस किया की सभी को एक मंच पर लाने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन होना चाहिए। मौके पर घाटशिला कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यजीत सीट, मंडल अध्यक्ष कन्हैया शर्मा, बादल गिरी, मोइनुद्दीन समेत काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आईये आप और हम मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाए : विद्युत महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** गुरुवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सोनारी मंडल के झाबरी बस्ती सामुदायिक भवन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा 2023 के तहत आयोजित कार्यक्रम में सांसद विद्युत वरण महतो ने लाभुकों को गैस चुल्हा एवं पत्रिका कैलेंडर का वितरण किया। वही सांसद ने यात्रा रथ का अवलोकन किया एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने हेतु प्रेरित करते हुए लाभुकों के साथ 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लियें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का एक मात्र उद्देश्य,अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी, योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप में सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार,मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव एवं अन्य मौजूद थे।

## वार्षिक वालीबॉल टूर्नामेंट में शामिल हुए कल्याण चंद्र सिंह, विजेताओं को किया पुरस्कृत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** गुरुवार को नव युवक ईचाडीह द्वारा वार्षिक वालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक चंद्र साव अतिथि के रूप में खगेन महतो एवं अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। वार्षिक वालीबॉल टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला देवली एवं आटना टीम के बीच खेला गया। वहीं देवली ने आटना को हराकर विजेता बनी और उपविजेता आटना हुई। इस दौरान अतिथियों ने विजेता, उपविजेता एवम खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में नव युवक के सदस्यों का योगदान रहा।

## मजदूर नेता स्व बासुकी सिंह को भावभीनी दी गई श्रद्धांजलि, गरीबों के बीच बांटे कंबल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** घाटशिला अंतर्गत मऊभंडार के स्टोर पाड़ा में बुधवार को आइसीसी वर्कर्स यूनियन के पूर्व महासचिव, गोपालपुर पंचायत के मुखिया सह मजदूर नेता स्व. बासुकी सिंह की 35 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, भाजपा युवा नेता लखन मार्डी, जिला पार्षद कर्ण सिंह, देवयानी मुर्मू तथा यूनियन के पदाधिकारियों एवं आम से खास लोगो ने भी उनकी चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला पार्षद कर्ण सिंह ने कहा कि बासुकी बाबू मजदूर नेता थे। वे गरीब और जरूरतमंदों के मसीहा थे। उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। आज की परिस्थिति में बासुकी सिंह की जरूरत है। इस मौके पर स्व. बासुकी सिंह की धर्मपत्नी इंदु देवी, पूर्व जिला पार्षद पूर्णिमा कर्मकार, मुखिया निताई मुंडा, कल्पना सोरेन, उप मुखिया रूपेश दुबे, पंचायत समिति सदस्य विजय पांडे, आदि थे।

## सत्कर्म करने वालों के हृदय में वास करते हैं भगवान : वृजनंदन शास्त्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में श्री शिव महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन गुरूवार को वृन्दावन से पधारे स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने व्यास पीठ से पार्वती तप, शिव आराधना एवं नंदीश्वर महिमा का सुंदर व्याख्यान करते हुए कहा कि जिसके जीवन में सरलता व भोलापन उतरता है वही भोलेनाथ का सच्चा भक्त होता है। उन्होंने कहा कि भगवान का उन्हीं लोगों के हृदय में वास होता है जो सत्कर्म करते हैं। महाराज जी ने अपने सुमधुर वाणी से शिव कथा की अमृत गंगा बहाते हुए कथा में शिव की सवारी यानी नंदी (नंदीश्वर) के बारे में विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान प्रसंग के आधार पर कलाकारों ने जीवंत झांकी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोहा। महाराज जी चौथे दिन शुक्रवार को पार्वती मंगल, शिव पार्वती विवाह एवं श्री गणेश महिमा का प्रसंग सुनायेंगे।

## मिर्जा गालिब ने उर्दू शायरी को दिल से निकाल कर दिमाग की दुनिया में लाया : प्रो गौहर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर की साहित्यिक संस्था 'दबिस्तान-ए-जमशेदपुर' के तत्वाधान में गुरुवार को उर्दू और फारसी के महान शायर व साहित्यकार मिर्जा असदुल्लाह खान गालिब की 226वीं जयंती मनायी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता शायर गौहर अजीज ने की. कार्यक्रम दो सत्र में सम्पन्न हुआ. पहले सत्र में प्रो गौहर अजीज ने मिर्जा गालिब की शायरी और उर्दू अदब में उनके महत्व के विषय पर विस्तृत वक्तव्य दिया. उन्होंने बताया कि मिर्जा गालिब एक ऐसे महान शायर और साहित्यकार थे, जिन्होंने न सिर्फ उर्दू शायरी, बल्कि उर्दू भाषा व साहित्य को एक नया रूप प्रदान किया. प्रो गौहर अजीज ने कहा कि मिर्जा गालिब ने उर्दू शायरी को दिल की दुनिया से निकाल कर दिमाग की दुनिया में ला खड़ा किया. उनकी पुस्तक दीवाने गालिब एक ऐसे दीप की तरह है जिससे जब तक दुनिया रहेगी तबतक शायरी करने वाले लोग रोशनी लेते रहेंगे. कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुशायरा हुआ. इसमें सरफराज शाद, शोएब अख्तर, सकलैन मुश्ताक, सफीउल्लाह सफी, फरहान खान फरहान और सद्दाम गनी ने अपनी गजलें पढ़ीं. संचालन सद्दाम गनी ने किया. कार्यक्रम के समापन पर प्रो गौहर अजीज ने अपनी एक रचना प्रस्तुत की. धन्यवाद ज्ञापन सैयद शमसुद्दुजा ने किया.

## कुचाई के लेप्सो में वनाधिकार बोर्ड गड़ी की स्थापना दिवस पर अवैध जंगल कटाई रोकने का निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत अंतर्गत मौजा लेप्सो में गुरुवार को द्वतीय वर्ष वनाधिकार बोर्ड गड़ी स्थापना दिवस मनाया गया। ग्रामीण मुण्डा मजुरा मुण्डा ने गाड़े गये पत्थर को पूजा किया। ग्रामीणों ने सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण, पुनरुज्जीवित और प्रबंधन विधि सम्मत करने का निर्णय लिया। लेप्सो गांव में 2020 को ही वनाधिकार कानून 2006 के तहत वनाधिकार प्रमाण-पत्र सरकार की ओर से निर्गत किया गया है। कुल 306 एकड़ 71 डी0 वन भूमि पर वनाधिकार प्रमाण- पत्र निर्गत किया गया है। इस दौरान झारखंड जंगल बचाओ आन्दोलन के केन्द्रीय प्रभारी सोहन लाल कुम्हार ने जैवविविधतो के संरक्षण तथा प्रबंधन पर जोर दिया। विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह मुण्डा, तिलोपदा पंचायत के मुखिया राम सोय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मनोज मुदुईया, भरत सिंह मुण्डा, राम सोय, गोबरा मुण्डा, मजुरा मुण्डा, आदि उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए 15 सदस्यीय टीम गिरिडीह रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** टाइगर जगन्नाथ महतो मेमोरियल 10वीं झारखंड राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए सरायकेला खरसावां से 15 सदस्यीय बालक और बालिका टीम गिरिडीह डुमरी के लिए रवाना हुई। मौके पर उपस्थित झारखंड साइकलिंग संघ के संयुक्त सचिव एवं सरायकेला खरसावां जिला के महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारे सरायकेला जिला टीम में सुंदर मुर्मू, मुकेश केवट, श्याम सुंदर टुडू, शंकर माझी, सुशीला हेंब्रम, संतोषी मांझी, लक्खी मार्डी, बबली हसदा, श्रीमती टुडू, सुमित्रा, सुनीता मांझी शामिल है। बालक वर्ग कोच के रूप में दिलीप कुमार गुप्ता और बालिका टीम कोच अंजली सिंह मुंडा शामिल है।

## विधायक सविता के प्रयास से ईचागढ़ विधानसभा के सड़को के सुदृढ़ीकरण कार्य का मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**ईचागढ़ प्रखंड में 4, चांडिल में 1 व कुकडू प्रखंड में 2 सड़क है शामिल**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ प्रखंड के चार सड़क तमारी से आतारग्राम तक पथ का सुदृढ़ीकरण, लेपाटांड से कुंदरीलोंग भाया बुदालोंग तक पथ का सुदृढ़ीकरण, झाडूआ मोड़ से आदरडीह भाया हाड़ात पथ का सुदृढ़ीकरण, रुगड़ी बाजार से कुटाम तक पथ का सुदृढ़ीकरण, कुकडू प्रखंड के कुकडू हेरेमुली से चानो तक पथ का सुदृढ़ीकरण, तिरुलडीह चौड़ा पथ से सपारुम तक पथ का सुदृढ़ीकरण व चांडिल प्रखंड के चांडिल मैन रोड मुखिया होटल से दियाडीह भाया बोराबिन्दा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। वही विभिन्न सड़कों का प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से विधायक सविता महतो ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया है। वही सात सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का स्वीकृति मिलने पर ईचागढ़ विधानसभा के जनता ने विधायक सविता महतो का आभार व्यक्त किया है। उक्त बात की जानकारी झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दी।

# उत्तर भारत में घने कोहरे का कहर

दिल्ली और आसपास के इलाके समेत पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे का जबर्दस्त कहर है.जम्मू कश्मीर से लेकर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश तक कोहरे की चादर बिछी हुई है. आलम ये है कि सिर्फ सुबह ही नहीं बल्कि शाम ढलते ही धुंध छानी शुरू हो जाती है.अमृतसर से लेकर लाहौर में तो विजिबिलिटी ज़ीरो हो जा रहा है. कोहरे का असर दिल्ली में आगामी तीन दिनों तक सुधार की गुंजाइश भी नहीं दिखाई दे रही है.लेकिन सवाल ये कि आखिरकार इतने बड़े इलाके में कोहरा अचानक गहरा क्यों हो गया, ऐसी कौन सी वजह है जो इस मौसम में घना कोहरा छा जाता है, जो पूरी तरह से जन-जीवन को अस्त व्यस्त कर देता है. कोहरे के लिए ठंड में भी एक खास किस्म का तापमान और पैटर्न जरूरी होता है.जिस इलाके में तापमान एक ख़ास रेंज में रहता है, वहीं पर कोहरा बनने के लिए सबसे ज़्यादा अनुकूल परिस्थितियां होती हैं. मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक कहते हैं,9 डिग्री सेल्सियस से लेकर 13 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान कोहरा बनने के लिए सबसे ज़्यादा सही है. इन दिनों पूरे उत्तर भारत में रात और सुबह का तापमान इतना ही बना हुआ है. हवा भी नहीं है और वातावरण में भी किसी तरह की हलचल नहीं हो रही है. वर्टिकल यानि ऊपर दिशा की ओर चलने वाली हवा की रफ्तार भी 500 मीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कम है. इन सब वजहों से जब एक बार कोहरा बन जाए तो छंटने में देरी होती है और एक बड़े इलाके में इसका असर दिखाई पड़ता है.दरअसल मौसम का एक खास चरित्र आमतौर पर सर्दियों में देखने को मिलता है,जिसे वैज्ञानिक टेंपरेचर इंवर्जन कहते हैं.आमतौर पर ऊंचाई बढ़ने पर तापमान कम होता है, लेकिन जिस समय कोहरा बनता है उस समय इसका ठीक उलट हो जाता है. इस समय एंटी साइक्लोनिक सिस्टम सक्रिय होता है, जिसकी वजह से ज़मीन के पास तापमान कम और ऊपर जाने पर तापमान बढ़ने लगता है. आमतौर पर अगर ज़मीन पर तापमान 10 से 15 डिग्री तक होता है तो ऊपरी वायुमंडल में तापमान 20 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाता है. इससे नमी से भरी हवाएं ऊपर की ओर उठ ही नहीं पाती हैं. उत्तरी भारत में कई सारी नदियां हैं और साथ ही इस समय गेहूं की फसल की सिंचाई भी की जाती है, जिससे बड़े इलाके में नमी का असर काफी ज़्यादा होता है. यही वजह है कि पंजाब,जहां नदियों की संख्या ज़्यादा है वहां सबसे ज़्यादा कोहरे का असर दिखाई देता है.कोहरा छंटने के आसार फिलहाल अंतिम दिसंबर तक नज़र नहीं आ रहा हैं. मौसम विभाग का कहना है कि जिस तरह कोहरा छाने के लिए कई सारी मौसम से जुड़ी गतिविधियां जिम्मेदार होती है, उसी तरीके से कई सारे फैक्टर ही कोहरा छंटने की वजह भी बनते हैं. सबसे पहले अगर तापमान के बढ़ने की वजह से हवा की रफ्तार बढ़ जाए तो कोहरा छंटने लगता है या उसका असर कम हो जाता है. इसके अलावा अगर सूरज की किरणें इतनी तेज़ हो जाएं कि कोहरे में मौजूद पानी के कण भाप में बदल जाएं या फिर गर्मी की वजह से ज़मीन की सतह पर पिघल के पहुंच जाए तो कोहरा छंटने की संभावना बनती है. इसके अलावा शहरी इलाकों में कोहरा थोड़ी जल्दी छंटता है क्योंकि गाड़ियों और कारखानों के चलते यहां पर ज़मीन के आस-पास तापमान बढ़ने की संभावना ज़्यादा होती है. साथ ही कई बार पश्चिमी विक्षोभ यानि वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी हवा की रफ्तार में बढ़ोत्तरी करता है और कोहरा एक बड़े इलाके से हट जाता है.उत्तरी भारत में एक ऐसा ही वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा.तब तक कोहरे के कोहराम से निजात मिलने की संभावना नहीं है.बता दें कि देश के दक्षिणी इलाके से गर्म और नमी वाली हवा आती है. जबकि भूमध्यसागर वाले इलाके से सर्द हवा. जब ये जमीन के जलस्त्रोतों यानी नदी, तालाब, झील आदि के ऊपर मिलती हैं, तो कोहरा बनाती हैं.जमीन की गर्मी और ऊपर तैरती सर्द हवा के बीच फंसी नमी. ये मिलकर स्थानीय स्तर पर कोहरा बनाते हैं.इसलिए कहीं ज्यादा तो कहीं कम कोहरा दिखता है.पानी से निकली भाप अपने गैस फॉर्म में जब गाढ़ी होने लगती है, तब वह कोहरा बन जाती है. यानी हवा में पानी के बेहद छोटे-छोटे कण तैरते रहते हैं. हवा में पानी की छोटी-छोटी तैरती हुई बूंदें ही कोहरे के रूप में दिखती हैं. कोहरे को आम भाषा में जमीनी बादल भी कहते हैं.घना कोहरा रेलवे यातायात को प्रभावित करता है. हालांकि रेलवे ने घने कोहरे से निपटने की तैयारी कर ली है. रेलवे ट्रेनों में फॉग डिवाइस लगाने का काम कर रहा है. इस फॉग पास डिवाइस से घने कोहरे में भी ट्रेनों को बिना देरी और सुरक्षित तरीके से चलाया जा सकेगा.लगभग 19,700 जीपीएस-आधारित नेविगेशन डिवाइस, जिन्हें फॉग पास के नाम से जाना जाता है, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए लोको पायलटों को न्यूनतम व्यवधान और देरी के साथ ट्रेन चलाने में मदद कर रहे हैं. रेल अधिकारियों ने कहा कि फॉग पास डिवाइस की मदद से ट्रेनों का सुचारू संचालन किया जा सकेगा.रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हर साल फॉग डिवाइस की खरीद को बढ़ाते हैं,ताकि जरूरत के समय उपयोग करने के लिए डिवाइस का पर्याप्त स्टॉक हो. उन्होंने बताया कि मार्च 2021 में 12,742 फॉग पास डिवाइस थे. नई ट्रेनों के आने से ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए फॉग पास उपकरणों की खरीद भी बढ़ा दी गई है।

## अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है

# स्वार्थी सांसदों ने संसद को मज़ाक बनाकर रख दिया

प्रियंका सौरभ

> सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाज़ा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? ज़रा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं।

पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चलाकर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौक़ा ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ़-साफ़ रखें और सरकार साफ़-साफ़ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्रवाई में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीनकर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है। दोनों सदनों में निजी एजेंडों को लेकर अनुत्पादक हंगामा कर कार्यवाही ठप करा देना आम बात है। संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मज़ाक बनाकर रख दिया है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाज़ा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आख़िर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? ज़रा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्रवाई में राजनीति को प्रभावित करने




वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए ख़र्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का ख़र्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन ख़र्च और बढ़ जाता है। ज़रा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। ज़ाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मज़ाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रहे या फिर दिन भर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए ख़र्च हो जाएं। ज़रा सोचिए कि छह करोड़ रुपए से क्या-क्या हो सकता है? हज़ारों गांवों की क़िस्मत संसद की एक दिन की कार्यवाही पर होने वाले ख़र्च से बदल सकती है। लाखों ग़रीब लड़कियों की शादी हो सकती है। लघु और कुटीर उद्योगों से हज़ारों नौजवानों की क़िस्मत संवर सकती है। लेकिन सांसद यह सब नहीं सोचते। विकास की योजनाएं भले न बनें, व्यक्तिगत हित जरूर सुधरने चाहिए। क्या सांसद देश से ऊपर हो गए हैं? एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज़ हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? सांसदों ने लोकसभा को पंगु बना कर रख दिया है। हक़ीक़त यह है कि लोकतंत्र का लोक यानी देश की जनता लोकसभा का चुनाव सीधे तौर पर करती है। ऐसे में अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदन को लोक के सदन यानी लोकसभा की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लोकसभा में हुए हर काम में अड़ंगा डाल दिया जाए। लोकसभा में तय दिनों में सभी सांसदों को तीन-तीन मिनट ही सही, अपने चुनाव क्षेत्र के बारे में बोलने दिया जाए। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए। ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी क़िस्म का हंगामा करने वाले सांसद के ख़िलाफ़ ख़ुद-ब-ख़ुद कोई तय कार्यवाही हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वे संसद में कुछ कर नहीं पा रहे हैं और उधर उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता त्रस्त, क्योंकि वे उनकी समस्याएं सुलझा ही नहीं पा रहे हैं, क्योंकि संसद में केवल हंगामा हो रहा है। इसलिए संसद को अखाड़ा बनने से रोकें। नेतृत्व को भी अपनी बात समझाएं, उनके हर ग़लत-सही आदेश का आंख मूंदकर पालन न करें। लोकतंत्र के पवित्र मंदिर की गरिमा बचाए रखना सांसदों का प्रथम काम है। संसद को महत्वहीन बनाने के खतरनाक आयामों को शायद ये लोग नहीं समझते हैं। हमारी संसद हमारे राष्ट्र की आधारशिला है जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है और जिससे अपेक्षा की जाती है कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों पर संप्रभु निगरानी रखे। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है और सरकार का अस्तित्व उस पर लोकसभा के विश्वास पर निर्भर करता है। अतः समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ कर जा रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है।

दृष्टि कोण

# सरकार-विपक्ष के टकराव से करोड़ों बर्बाद

आजादी के बाद से अब तक संसद की कार्यवाही का सबसे कम संचालन होना देश के लोकतांत्रिक इतिहास में काला अध्याय बन गया है। सत्ता पक्ष और विपक्षी की हठधर्मिता से देश का लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। इससे करदाताओं के गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए हंगामे की भेंट चढ़ गए। देश के जरूरी समस्याओं पर चर्चा करने और उनके समाधान तलाशने के बजाय सत्ता पक्ष और विपक्ष शत्रुओं की तरह एक-दूसरे को ललकारने में लगे रहे। संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग पर शुरू हुए विवाद से कुल 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन हुआ। इनमें 112 लोकसभा और 34 राज्यसभा के हैं। सबसे ज्यादा कांग्रेस के सांसद सस्पेंड किए गए हैं। कांग्रेस के 60 (लोकसभा से 43, राज्यसभा से 17), एनसीपी के 4 (लोकसभा से 3, राज्यसभा से 1), डीएमके के 21 (लोकसभा से 16, राज्यसभा से 5), सीपीआई-एम के 5 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से 3), सीपीआई के 3 (लोकसभा से 1, राज्यसभा से 2), जेडीयू के 14 (लोकसभा से 11,



राज्यसभा से 3), नेशनल कॉन्फ्रेंस के 2 (लोकसभा से), तृणमूल कांग्रेस के 21 (लोकसभा से 13, राज्यसभा से 8), सपा के 4 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से 2), बसपा का एक (लोकसभा से), आरजेडी के 2 (राज्यसभा से), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के तीन (लोकसभा से), आप का एक (लोकसभा से), केरला कांग्रेस का एक (राज्यसभा से), झामुमो का एक (राज्यसभा से), वीसीके का एक (लोकसभा से) और आरएसपी का एक (लोकसभा से) सांसद हैं। सत्ता पक्ष पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए विपक्ष के सांसदों ने पुरानी संसद से विजय चौक तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार संसद सुरक्षा चूक पर जवाब दे। खड़गे ने कहा कि सरकार सदन नहीं चलने देना चाह रही है। विपक्ष की आवाज दबा रही है। संसद में बोलना हमारा अधिकार है। सभापति मामले को जातिगत रंग दे रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह संसद में आकर इस मामले पर बयान दें। बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि संसद से विपक्ष के सांसदों का निलंबन ठीक नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले पर कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना को लेकर राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि उच्चस्तरीय जांच के लिए समिति बनाई गई है और जांच जारी है। पहले भी जब इस तरह की घटनाएं हुई तो लोकसभा अध्यक्ष के जरिए ही उनकी जांच प्रक्रिया आगे बढ़ी। बिरला ने विपक्ष के रवैये पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सदन में नारेबाजी करना, तख्तियां लाना, विरोध करते हुए वेल में आ जाना ठीक नहीं है। जनता भी ऐसे आचरण को पसंद नहीं करती। सदन में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत ही चर्चा होनी चाहिए। लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनका सुरक्षा में चूक के मामले से संबंध नहीं है। संसद के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर अहम बिल पास हुए। शीतकालीन सत्र में लोकसभा की उत्पादकता करीब 74 प्रतिशत रही। इस सत्र में विपक्षी दलों की गैर-मौजूदगी में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य बिल, दूरसंचार विधेयक सहित 18 अहम बिल पारित किए गए। लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। यह पहला मौका नहीं है जब संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे और निलंबन की भेंट चढ़ गया। इससे पहले मणिपुर मामले को लेकर संसद की कार्यवाही में भारी गतिरोध रहा। संसद में सेंध पर गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य की मांग की तरह विपक्ष मणिपुर हिंसा पर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को लेकर अड़ा रहा। मणिपुर मामले को लेकर बार-बार संसद की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। सत्ता और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी रहा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## सीसीएल क्वार्टर मे अवैद्य रुप से रह रहे लोगों पर प्रबंधन द्वारा कोई कार्यवाही नही करने पर ग्रामीणों में आक्रोश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल डी कोलयरी के कैंटीन में गुरुवार को सेल संचालन समिति, सौंदा बस्ती के तत्वाधान में सौंदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणो की एक बैठक हुई।वहीं इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नितिश कुमार ने की।वही बैठक में सीसीएल प्रबंधन द्वारा सीसीएल कोलोनी के क्वार्टर में अवैध रूप से रह रहे लोगों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं करने पर सौंदा बस्ती, सरैया टोला के ग्रामीणो में आक्रोश व्याप्त किया। बता दें कि सेल संचालन समिति के तत्वावधान मे सौंदा बस्ती के ग्रामीणो के द्वारा दिनांक 29 नवंबर को महाप्रबंधक बरका-सयाल क्षेत्र के कार्यालय में उक्त बिषय पर लिखित ज्ञापन देकर सी सी एल क्वार्टर में अवैध रूप से रह रहे लोगों पर अविलंब कार्यवाही करने की मांग की गई थी, परंतु सीसीएल प्रबंधन के द्वारा इस बिषय पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं किया गया है। ऐसे में यह प्रतीत हो रहा है कि सीसीएल क्वार्टर में अवैध रूप से रह रहे लोगों को सीसीएल प्रबंधन संरक्षण दे रही है। साथ ही ग्रामीणो के द्वारा सीसीएल प्रबंधन से सौंदा बस्ती व सरैया टोला मे बिजली, पानी, रोड, नाली,



ईत्यादि सूलभ कराने की मांग की गई थी जिस पर प्रबंधन ने कोई पहल नहीं किया है। वहीं इस मौके पर उपाध्यक्ष ललन प्रसाद, रविन्द्र कुमार, सुरेश गिरी, सचिव रामविलास करमाली,राजदीप प्रसाद, पिंकू राज,धनेश प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, दयानंद प्रसाद, अरविंद प्रसाद, निरंजन प्रसाद, दीपक कुमार, सुखदेव प्रसाद, हरिहर प्रसाद, बिक्रांत प्रसाद, जनक प्रसाद, जोगेन्दर् प्रसाद, रमेश साव, रवि कुमार, शिवनारायण प्रसाद, सूरज प्रसाद, गुप्तेश्वर प्रसाद, प्रेम, धीरेन सोनी, राजू कुमार, ओम प्रकाश, नंदलाल, मिंटू, अनिल, ललित, गुरुदयाल, अजय, कामेश्वर, बबलू, शिवनारायण, प्रकाश, विनोद, भोला आदि लोग शामिल थे।

## सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी की पहल पर ग्रामीणों ने एनएचएआई एवं निर्माण कम्पनी के बीच हुई वार्ता, बनी सहमति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** भारत माला परियोजना के तहत बन रहे एक्सप्रेस-वे से बारघुटू, कोइया, कमती, सोंटई, रुंडई के आने जाने वाले के लिए रास्ता केवल एक जगह पुनर्वास के समीप प्रस्तावित था, जिससे ग्रामीणों को भविष्य में काफी परेशानी होती। ग्रामीणों ने अपनी समस्या से गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को अवगत कराया था। सांसद की अगुवाई में ग्रामीणों, एनएचएआई और निर्माण कंपनी के अधिकारियों की वार्ता हुई। इसमें ग्रामीणों की सारी बातों को सुनने के बाद हर गाँव के लिए एक लूप मार्ग निर्माण करने पर सहमति बनी। ये भी सहमति बनी कि जब तक रास्ते पर पुल निर्माण न हो जाए तब तक कंपनी रास्ते पर काम नहीं करेगी। मौके पर जिला



पार्षद जलेश्वर महतो, केन्द्रीय सदस्य अशोक कुमार , समाजसेवी चंद्रशेखर महतो, शत्रुघ्न महतो, धूतू मुंडा, शर्वानंद पाठक, विरेंद्र पाठक, धरमू मुंडा , रामचरण महतो, नागेश्वर महतो, रमेश महतो, दिनेश महतो, राजेश सिन्हा, महेश महतो, जगतू महतो, जलघर महतो, ओमप्रकाश महतो, मीना देवी, उपासी देवी, सावित्री देवी, ललिता देवी, उमा कुमारी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।

## रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समीप पार्टी का झंडा फहराकर कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस मनाया गया । साथ ही सभी प्रखंड अध्यक्षों के द्वारा सभी प्रखंडों में झंडा तोलन कर कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस मनाया गया। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के सभी स्तर के पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जिला प्रखंड एवं मतदान केंद्रों पर सुबह 9ः00 बजे तक पार्टी का झंडा तोलन फहराया गया तथा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को संबोधित एवं निर्देश प्राप्त हुआ इस अवसर का उपयोग कांग्रेस पार्टी की विचार -धारा को बढ़ावा देने एवं स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की भूमिका का प्रचार किया गया। कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा ,रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, वरिष्ठ नेता संजय साव ,सेवा दल अध्यक्ष रूपेंद्र महतो जी, महिला अध्यक्ष मंजू जोशी, जय कुमार अग्रवाल ,शोभा कुमारी, रीना देवी, दीपा देवी, सलीम खान ,पिंटू अंसारी, अशोक मुंडा, दानिश कुरेशी टिंकू खान, सुनील कुशवाहा, पप्पू पासवान उपस्थित रहें।

## धान क्रय केन्द्र का पार्षद ने किया उद्घाटन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को गोला प्रखंड में पैक्स लिमिटेड अधिप्राप्ति / क्रय केंद्र का उद्घाटन गोला मध्य क्षेत्र के जिला पार्षद जलेश्वर महतो ने किया। पार्षद ने कहा कि इस क्रय केंद्र से कृषकों को काफी फायदा होगा । इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में गोला अंचल अधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवम गोला प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय सांडिल्य शामिल हुए और उपस्थित लोगों को धान क्रय के फायदे बताए। मौके पर गोला प्रखण्ड उप प्रमुख विजय ओझा, गोला पंचायत समिति सदस्य, मुन्ना कुशवाहा, सन्तोष सोनी, बीनू कुमार महतो, बाबू लाला, कमाल शहजादा, मनोज कोटवार गोला पैक्स संचालक नौशाद आलम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## राकोमयू कार्यलय में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यलय में गुरुवार को राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष सह राकोमयू क्षेत्रीय सचिव राजू ने कहा कि पार्टी का पहला स्थापना दिवस 28 दिसम्बर को कांग्रेस अपना 139वां स्थापना दिवस मना रहा है। और 28 दिसम्बर1885 को थियिसोफिकल सोसायटी के प्रमुख सदस्य रहे एओ ह्यूम की पहल पर बम्बई के गोकुलदास संस्कृत कॉलेज मैदान में कांग्रेस की स्थापना हुई थी। राजू यादव ने यह भी कहा कि इस स्थापना दिवस में पुरे देश के क्रांतिकारी,बीर शहीद, महापुरुषों ने योगदान दिया था। कांग्रेस पार्टी के झण्डे व बैनर तले भारत के प्रत्येक क्षेत्र में आज कांग्रेस पार्टी स्थापना दिवस मना रही हैं। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू,डा जीआर भगत, वाल्मीकि यादव, संजय कुमार यादव, गणेश राम, लालू महतो, कंचन मांझी, बिनोद प्रजापति, राधेश्याम बैठा, किशोर बेदिया, महादेव बेसरा, कानू मरांडी, कमलेश यादव, सुरेश,सीगू मांझी, रवि पावरीया, इन्द्रजीत दुबे, सीबू ठाकुर, दीपक कुमार यादव, अजय मिश्रा, श्याम बेदिया, सतीश कुमार आदि लोग मौजूद थे।



### ग्रामीणों ने गिद्दी सी में की बैठक, 10 जनवरी को आंदोलन की होगी घोषणा

## दबे, कुचले गरीबों के हक, अधिकारों की आवाज होगी बुलंद : आजाद राइन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** ग्रामीणों के द्वारा निर्धारित समय में गुरुवार को गिद्दी सी में बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता माइकल महतो व संचालन किशोर राम ने किया। अवसर पर मुख्य रूप से आजाद राइन उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीणों ने आम सहमति से निर्णय लिया कि पूरे क्षेत्र के दबे, कुचलो, गरीबों के हक व अधिकार, रोजगार दिलाने के



लिए जोरदार आंदोलन किया जाएगा। जिसके लिए दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर यहां के लोगों से मिलकर मजबूत कमेटी का गठन किया जाएगा। साथ ही लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए आगामी 10 जनवरी 2024 की बैठक में आंदोलन की घोषणा होगी। बैठक में महेश महतो, अशोक यादव, अजय मुंडा, उमेश प्रजापति, मोहम्मद दिलकश, रुद्र कुमार, अब्बास अंसारी, बंटी अंसारी, शोएब अख्तर, झुमन प्रजापति, उमेश कुमार, साजिद अंसारी, निक्की राम आदि उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### अवैध संबंध के शक में पति ने किया पत्नी की हत्या

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के हेठ पोचरा पंचायत के समीप मंजर ग्राम निवासी विशाल सिंह ने अपनी पत्नी की धार दार हथियार से वार कर हत्या कर दी मृतक की पहचान रेखा देवी पति विशाल सिंह (32) वर्ष के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हत्या मंगलवार के शाम ही की गई थी।आसपास के लोगों को इसकी भनक न लगे इसको लेकर आरोपी बड़े आराम से मृतका के साथ ही रहा था।बुधवार की दोपहर मृतका की बेटी अपनी मां को उठाने गई तो वह नहीं उठी इसके बाद मृतका की बेटी के द्वारा पास में रह रही अपनी दादी को इसकी जानकारी दी जब दादी अपने अपने बेटे के घर गई तो देखी की रेखा देवी की हत्या हो गई है। इसके बाद वह रोने और चिल्लाने लगी ।हलासुन आसपास के लोग इकट्ठा हो गए हैं और इसकी सूचना लातेहार सदर थाना को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे मृतका को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस के द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गई है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार हत्या का कारण पत्नी का अवैध संबंध बताया जा रहा है।

### एनडीपीएस एक्ट के फरार अभियुक्त किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल

**गिद्धौर :** थाना कांड संख्या 39/22 में 8 जुलाई को मामला दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तहत चल रहे फरार अभियुक्त आनंद कुमार दांगी पिता डेकलाल दांगी ग्राम पंचायत थाना गिद्धौर जिला चतरा को गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया। बताया गया कि इस अभियुक्त के प्रति दर्ज मामला के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार छापामारी दल की टीम गठित कर विशेष टीम की गठन किया गया। और अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया छापामारी दल में थाना प्रभारी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा एवं थाना के सशस्त्र बल सम्मिलित थे।

# डीलर संघ का काम बंद हड़ताल, 14 सुत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** गुरुवार को प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के बैनर तले संगठन के निर्णय के आलोक में आगामी एक जनवरी से अपने 14 सुत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को मांगपत्र सौंपा है। जहां मांगपत्र के माध्यम से डीलर संघ के अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद द्वारा बताया गया है कि डीलर्स एसोसिएशन अनुकंपा का लाभ से वंचित रखना, फोरजी सीम का आवंटन नहीं करना, पिछले दस वर्षों से कमीशन राशि प्रति किलोग्राम महज एक रुपए देना, इसके अलावा पीएमजीकेएवाइ खाद्यान्न कोरोना काल का कमीशन, किराया का बकाया राशि अबतक नहीं दिए जाना सरकार द्वारा डीलरों को उनके हक अधिकार का दोहन करना है। वहीं मांगपत्र के माध्यम से कहा गया है कि समय समय पर स्थानीय प्रशासन व सरकार को इस संबंध में सूचित किया जाता रहा है लेकिन समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है ,जिससे जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की दयनीय स्थिति बनी हुई है। बताया गया कि सभी डीलरों को 50 हजार रुपए कमीशन समेत आय की गारंटी दी जाए, पांच लाख का बीमा गारंटी दी जाए, अनुकंपा में उम्र सीमा की बाध्यता समाप्त की जाए, पीएमजीकेएवाइ खाद्यान्न के उठाव का बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए , राज्य खाद्य निगम के गोदाम से शुद्ध तौल के साथ जूट बोरे का वजन छोड़ शुद्ध वजन दिया जाए समेत अन्य मांगों को वार्ता के दौरान रखने की बात कही गई। मौके पर अशोक राम, यमुना सिंह, मुकेश कुमार, मुरारी लाल, एकबाल सिंह निजाम खां, शिवकुमार, मनोज सिंह चेरो, हरिहर प्रसाद, बसंत सिंह, सुनील कुमार, संजय श्रीवास्तव समेत दर्जनों डीलर मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय चपरी मेला का विधायक ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** गुरुवार को प्रखंड के छेंचा पंचायत अंतर्गत चपरी में लगने वाले तीन दिवसीय वार्षिक मेले का उद्घाटन सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी, थाना प्रभारी श्री निवास सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत अन्य अतिथियों के द्वारा दुर्जागीन धाम में पूजा अर्चना करने के साथ फीता काटकर किया गया। जहां तीन दिन के मेले में बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के आलावा पलामू, गढ़वा समेत अन्य जिलों के व्यापारी अपने धंधे को लेकर आते रहे हैं। वहीं मेले का सबसे अधिक बिक्री गुड़ की बनी मिठाई लकठो, टिकरी के साथ पत्थर, लोहा के बने सामग्रियों की बिक्री अधिक होती है। वही मेले में बच्चों के मनोरंजन को लेकर झूला, म्यूजिकल डांस, समेत कई मनोरंजन के केंद्र भी बनाये गए हैं। उधर पूरे मेले की विधि व्यवस्था की जवाब देही थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीम के साथ-साथ पुलिस की देखरेख में बनाई गई कमेटी के द्वारा भी की जा रही हैं। इस दौरान मौके पर मुखिया आशा देवी, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, उप मुखिया राणा प्रताप सिंह पंचायत समिति सदस्य मंजु देवी अध्यक्ष चंदन सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, रविंद्र राम अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, विजय बहादुर, मंटू यादव, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हंटरगंज के डुमरीकलां में राजद की बैठक संपन्न

# पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करना हम सब का कर्तव्य : देव लाल यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** प्रखंड के डुमरीकलां गांव मे राष्ट्रीय जनता दल की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद नेता अर्जुन यादव ने किया। इस बैठक में संगठन को सशक्त बनाने और विस्तार किए जाने पर गहन विचार विमर्श किया गया। पार्टी के विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।पार्टी के उद्देश्यों को मद्दे नजर रखते हुए सर्वसमती से पिंटू कुमार यादव को पंचायत अध्यक्ष एवं मो. गुलजार आलम को सचेतक नियुक्त किया गया। नव चयनित अध्यक्ष एवं सचेतक को बारी बारी से मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव के द्वारा फूल का माला पहनाया गया। पार्टी का प्रतीक हरा गमछा ओढ़ाया कर स्वागत किया गया। साथ ही पंचायत संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने की जिम्मावरी दी गई। यह भी निर्देशित किया गया है कि बूथ स्तर पर राजद को मजबूत करना है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, भूणेश्वर यादव, तेजु यादव, मो.जसिम, अर्जुन यादव, मो.नसीरउद्दीन, भुइं यादव मो. वसीम अकरम, मो. गोल्डन, मो.कौशर, सुखदेव कुमार यादव, राजेश यादव, सुरेंद्र यादव, मो.अफजल, राजन यादव, विनोद यादव, कमलेश दास, मो. मिस्टर, मुरारी यादव, सुनील यादव, नंदू यादव, अवधेश यादव, अरुण यादव, अजय भुइयां, रघु यादव, उमेश यादव, दिनेश यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गाजे बाजे के साथ की गई एसडीओ सुधीर कुमार दास की विदाई

### विदाई समारोह का आयोजन सिमरिया प्रेस क्लब की ओर से किया था



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमण्डल पदाधिकारी एसडीओ सुधीर कुमार दास की विदाई गुरुवार को गाजे बाजे के साथ की गई। इस मौके पर उनके कार्यकाल को खूब सराहा गया और उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। यह विदाई समारोह सिमरिया प्रेस क्लब के तरफ से आयोजित किया गया था। मौके पर मौजूद प्रेस क्लब के सदस्य शिवकुमार सिंह,मोकिम अंसारी,बिष्णु साहू,अशोक कुमार, शैलेश कुमार, मो.अरबाज ने स्थानांतरित एसडीओ को माला पहनाया और उनकी भावभीनी विदाई दी। मौके पर जिप सदस्य देवनंदन साहु पूर्व जीप सदस्य जयप्रकाश सिंह और झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा सीओ धर्मेंद्र दुबे,संदीप साहू ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू आलम, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो फारूक, पंसस मो उस्मान, मुखिया पुरन राम, विनोद महतो, मो एनुल रमन साहू आदि ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र प्रदान किया और उनके सुखी जीवन की कामना की। इसके अलावा मनोरंजन महाजन और रंजीत सिंह ने मिठाई फल और पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी। इस विदाई पर एसडीओ भाउक दिखे और उन्होंने सिमरिया वासियो के प्रति के आभार जताया। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी रहूं सिमरिया और सिमरिया के लोग हमेशा मेरे दिल में रहेंगे। विदाई समारोह के बाद उन्होंने सिमरिया चौक पहुंचे और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और ग्रामीणों से विधिवत विदाई ली। मौके पर रमन साहू, सलीम अख्तर, आलोक रंजन, भूपेंद्र ठाकुर, मलेश्वर साहू, इकराकुल हक सहित अनुमंडल कर्मी, प्रखंड कर्मी, पदाधिकारी गण, सिमरिया प्रेस क्लब के सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# देश के लिए कांग्रेस के कई नेताओं ने दिया अपना बलिदान : मुनेश्वर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को जिला कार्यालय में पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने की।इस अवसर पर श्री उरावं ने कांग्रेस के संस्थापक एओ ह्युम के तस्वीर पर पुष्पांजली अर्पित कर श्रंधान्जली अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष श्री उरांव ने कहा कि इंडियन नैशनल कांग्रेस की आज यानी 28 दिसंबर को स्थापना दिवस है। 1885 में एक रिटायर्ड ब्रिटिश अफसर ऐलन ऑक्टेवियन ह्यूम ने इसकी स्थापना में अहम भूमिका निभाई थी। स्थापना का उद्देश्य यह था कि भारत के पढ़े-लिखे लोगों की आवाज और अधिकारों की लड़ाई ब्रिटिश रूलर्स तक पहुंच सके। माना जाता है कि भारत की आजादी की लड़ाई में भी कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में अहम भूमिका निभाई थी । श्री उरांव ने कांग्रेस की स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा की देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस पार्टी का अतुलनीय योगदान रहा है। कांग्रेस के कई नेताओं ने अपना बलिदान देकर देश की सेवा और रक्षा करने का कार्य किया है। स्व0 इंदिरा गांधी और स्व0 राजीव गांधी ने देश की सेवा करते करते बलिदान हो गए। देश को आजादी दिलाने के लिए कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ा और आजादी मिलने के बाद भी देश के निर्माण में हर वह प्रयास किया जो देशहित में था। आज विपक्षी कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की कोशिश कर रहे है पर देश के हर नागरिक में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा रग रग में भरी हुई है। आज भी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अगुवाई में सविधान की रक्षा के लिए और हर वर्ग की लड़ाई लड़ रही है। इंदिरा आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जनवितरण प्रणाली, सूचना का अधिकार, रोजगार का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और सूचना क्रांति जैसे कई क्रांतिकारी योजनाएं कांग्रेस पार्टी की देन है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शम्भू यादव, प्रवक्ता सुदेश्वर उरांव, बसंत यादव, गुलाम हैदर अली, महरंग राम, चंद्रदेव उरांव, सुदेसर उरांव, कुलेशर उरांव, उपेन्द्र पासवान, महेंद्र प्रसाद,वीरेंद्र समेत अन्य मौजूद रहे।

## छिपादोहर थाना प्रभारी के द्वारा ग्राम ओपाग आकर ग्रामीणों के बीच विवादों का किया निष्पादन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चुंगरू के ग्राम ओपाग में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने ग्रामीणों के बीच एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें छोटी छोटी मामलों का निष्पादन किया गया। बैठक का आयोजन थाना प्रभारी के द्वारा परिचय प्राप्त करने के उपरांत बैठक का शुरुआत किया गया। वहीं थाना प्रभारी श्री कुमार ने ग्रामीणों को कहा कि ग्रामीण बीना भय के अपने मामले को थाना आकर बता सकते हैं, एवं तत्कालीन सेवा के लिए आप फोन से भी संपर्क कर सकते हैं। थाना प्रभारी के द्वारा जमीन विवादों समेत घरेलू मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी के द्वारा किये गये, फैसला से दोनों पक्षों के लोग संतुष्ट हुए। इस संबंध में श्री कुमार ने पुछे जाने पर कहा कि आज मानिये कि थाने आपके द्वार कार्यक्रम है, बहुत से लोग थाने आने से डरते हैं इसलिए मैं ग्रामीणों के बीच आकर लोगों कि समस्याओं का सामाधान करना उचित मानता हूं। इससे ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित होंगे। और लोग निर्भीक होकर अपना पक्ष रखेंगे।

## कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** विभागीय निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी एंड पोल डे अरेंजमेंट्स विषय पर कौशल विकास-सह-प्रशिक्षण केन्द्र, चतरा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 02:00 तक किया गया। जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर अरुण कुमार एक्का उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा एवं गौतम कुमार, भू अर्जन पदाधिकारी, चतरा द्वारा क्रमशः डेम्प एवं वुल्नेराबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी तथा पोल डे अरेंजमेंट के सम्बन्ध में सभी अनुमडल पदाधिकारी, सभी अनुमडल पुलिस पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकाश पदाधिकारी, सभी विधान सभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा द्वारा समय-समय पर उक्त के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।साथ ही अपराहन 03:00 बजे से 05:00 तक मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट, एक्सपेंडीचर मॉनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट, एम0सी0 एम0सी0-पेड न्यूज़ विषय पर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर मनु कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी, चतरा द्वारा जिला स्तर पर गठित एक्सपेंडीचर एंड मीडिया कोषांग के सभी पदाधिकारी/कर्मी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी विधान सभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया।

### राममंदिर के उद्घाटन में निमंत्रण को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

# सम्पूर्ण विश्व व भारत के लिए यह पल अद्भुत गौरव व आनन्द का क्षण होगा : सतीश गुप्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

कुन्दा : विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में राममंदिर के उद्धघाटन का निमंत्रण को लेकर गुरुवार को महावीर मंदिर परिसर में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता अजित मिश्रा व संचालन ज्योतिष गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विभाग सह संगठन मंत्री सतीश गुप्ता उपस्थित रहे, उन्होंने बताया की 1 से 15 जनवरी के बीच कुन्दा के सभी पंचायत के सभी गांवों एवं घरों में अक्षत सहित आमंत्रण व राममंदिर की भव्य चित्र कार्यकर्ताओं के द्वारा जन जन तक पहुंचाया जाएगा। संगठन मंत्री ने कहा की सम्पूर्ण विश्व व भारत के लिए सौभाग्य का पल है। उन्होंने कहा की राम मंदिर उद्घाटन के दिन यानी 22 जनवरी को कुन्दा के मठ मंदिरों को सजाया जाएगा और पूजा अर्चना के साथ मठ मंदिरों में पाँच सौ वर्षों बाद प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा, जो संपूर्ण भारतवर्ष के हिंदुओं के लिए सौभाग्य का क्षण होगा। मौके पर लवकुश यदुवंशी, पंकज गुप्ता, प्रदीप यादव, राजू सौंडिक, जितेंद गुप्ता, विक्की विक्रांत, आशीष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## फेयर प्राइश डीलर एसोसिएशन के बैनर तले पीडीएस दुकानदार जाएंगे हड़ताल पर, बीडीओ को सौंपेंगे ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत स्थित जपुआ शिव मंदिर के प्रांगण में बृहस्पतिवार को फेयर प्राईश डीलर एसोसिएशन की बैनर तले पीडीएस दुकानदारों ने बैठक किया। एवं निर्णय लिया कि 1 जनवरी से सभी डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। जिसे लेकर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने की तैयारी भी की है। इनके नहीं रहने के वजह से ज्ञापन नहीं सोपा गया है जो 31 दिसंबर तक दे दिया जाएगा। यह कार्य प्रखंड डिलर अध्यक्ष अवध दांगी के अध्यक्षता में की गई है। इसकी जानकारी संघ के सचिव कृष्ण कुमार ने बताया है।जहां प्रखंड के सभी डीलर उपस्थित थे। इसके पीछे का कारण लोगों ने बताया कि समय-समय पर कई प्रकार की समस्या उत्पन्न हुई। जिसका निदान करने को लेकर पीडीएस दुकानदारों ने गुहार लगाया। परंतु ना तो इनकी बात अधिकारी और ना ही सरकार सुनी जिसके लिए इन लोगों ने यह कदम उठाया है।

# मकर संक्रांति में लगने वाला 10 दिवसीय मेला को लेकर डाक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर के समीप बलबल गर्म कुंड में मकर संक्रांति के उपलक्ष में लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला को लेकर बृहस्पतिवार को प्रखंड कार्यालय में डाक संपन्न हुआ। यह कार्य प्रखंड प्रमुख अनिता यादव के अध्यक्षता में की गई। एवं ब्लॉक के नाजारत रामदेव ठाकुर ने संचालन किया। जहां प्रखंड के परबुद्धि लोगों ने उपस्थित हो डाक लेने के लिए तीन लोगों ने अपना नामांकन करवाया। जिसमें प्रथम नाम वासुदेव पांडेय पिता मुखलाल पांडेय सिकंदर रवानी पिता त्रिभुवन राम अर्जुन यादव पिता हुलास गोप का नाम शामिल हुआ। सरकारी डाक की राशि राशि 77769 रुपया से शुरू की गई। जहां प्रथम बोली वासुदेव पांडेय77879 सिकंदर रवानी ने 77900 अर्जुन यादव ने 78000 की बोली लगाई। पुणः दोबारा वासुदेव पांडेय ने 78101 सिकंदर रवानी ने 78120 अर्जुन यादव ने 78130 की बोली लगाई। उसके बाद वासुदेव पांडेय ने तृतीय डाक की बोली में 800100 बोलकर बढ़-चढ़कर डाक को अपने नाम किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य अनीता देवी मुखिया जगदीश यादव 20सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान प्रकाश भोक्ता रामदेव भोक्ता बालेश्वर यादव दीपेंद्र पांडेय रामदेव यादव विकास कुमार राजकुमार प्रजापति बिंदेश्वरी यादव दिनेश दास लांस अंसारी बैजनाथ प्रसाद शशि कुमार गुप्ता नागेश्वर यादव उमेश गोप एवं ढेर सारे लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से असहायों के बीच कंबल व स्वास्थ्य सुरक्षा किट का हुआ वितरण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति के सौजन्य से हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 सदानंद रोड में नगर निगम के सफाई कर्मियों के बीच कंबल और स्वास्थ्य सुरक्षा किट का वितरण किया गया। कंबल वितरण सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से विगत कई वर्षों से गरीबों और असहयों के बीच लगातार किया जा रहा है, इसी क्रम में गुरुवार को जिला मुख्यालय में गरीबों और असहयों को चिन्हित करते हुए लगभग 2 सौ कंबल और स्वास्थ्य सुरक्षा किट का वितरण किया गया। कंबल और स्वास्थ्य सुरक्षा किट प्राप्त कर उन मजदूरों ने सांसद जयंत सिन्हा को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने हमारी मजबूरी को देखते हुए जो हमें कंबल प्रदान किया है इससे हमारे परिवार को ठंड से बचाव में काफी सहयोग होगा और स्वास्थ्य सुरक्षा किट से हम अपने परिवार को स्वस्थ रखने में कामयाब होंगे। कंबल और स्वास्थ्य सुरक्षा किट वितरण करते हुए सांसद जयंत सिन्हा के निजी सचिव हिमांशु कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में आगे भी श्री सिन्हा के सौजन्य एवं सहयोग से कंबल का वितरण जारी रहेगा। कंबल वितरण कार्यक्रम में सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा, सचिव आशीष सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनीष पांडे, सदर मंडल के भाजपा अध्यक्ष रणधीर पांडे, सांसद कार्यालय प्रभारी वेद प्रकाश, सत्यजीत, सनी सिंह, रंजीत कुमार सिंह एवं सुबोध पासवान उपस्थित थे।

### होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने वाले बड़े बकायदारों को भेजा गया नोटिस

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित वैसे बड़े भवन मालिक जिनके द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान नही किया जा रहा है वैसे कुल 49 बड़े बकायदारों को डिमांड नोटिस निर्गत किया गया है। यदि इन भवन मालिको के द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान नही किया जाता है तो झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 के अंतर्गत उनके खाते को फ्रीज़ करने एवं भवनों को सीलबंद करने की कार्यवाही की जाएगी ।उक्त 49 बड़े बकायदारों में जगदेव गोप, पिता-स्व टिलु गोप वार्ड स 6 जिनका बकाया करीब तीन लाख एवं डॉ हीरालाल साहा पिता- स्व परमेश्र्वर दयाल साहा वार्ड स 32 जिनका बकाया करीब पांच लाख है।इनके विरूद्ध धारा 184 के अंतर्गत कार्यवाही प्रारम्भ करने की तैयारी निगम कार्यालय द्वारा की जा रही है ।जिसके अंतर्गत यदि इनके द्वारा होल्डिंग टैक्स का भुगतान नही किया जाता है तो इनके बैंक खाते को फ्रीज़ करते हुए इनके भवनों को सीलबंद भी किया जाएगा।साथ ही सभी से अपील की जाती कि अपने होल्डिंग टैक्स का भुगतान जल्द से जल्द करना सुनिश्चित करे।

### विष्णुगढ़ उप मुखिया संघ ने माँगो को लेकर बीडीओ को सौपा ज्ञापन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ उप मुखिया संघ ने पंचायत स्तर पर हो रहे मनमानी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को विभिन्न माँगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। 1. पंचायत कार्यकारिणी की बैठक में केवल जनप्रतिनिधि को शामिल किया जाए। 2. 15वें वित्त आयोग मद से पंचायत को प्राप्त आवंटन एवं विकास कार्य में हो रहे व्यय की जानकारी संबंधित पंचायत के उपमुखिया को भी दिया जाए। 3. ग्राम सभा में पारित हुए बिना किसी योजना की स्वीकृति नहीं दी जाए। 4. पंचायत सचिव अपनी अनुपस्थिति की सूचना उपमुखिया को भी दें।5. अबुआ आवास के भौतिक सत्यापन दल में संबंधित पंचायत के उपमुखिया को भी शामिल किया जाए।6. पंचायत के उपमुखिया को भी वितरण के लिए कंबल प्रदान किया जाए।मौके उप मुखिया संघ के अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता,उप मुखिया संघ सचिव अब्दुल करीम,सुनील राणा, इरफान अंसारी,विनोद रजक, मो शाहिद,विनोद साव,अरविंद महतो,मिथलेश बर्मन,रामचंद्र महतो,अकरम अंसारी,इत्यादि मौजूद थे।

### वन विभाग द्वारा बाजार टांड घेराबंदी के विरोध में स्थानीय ग्रामीण हुए गोलबंद



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बरकट्ठा प्रखंड़ के पंचायत बरकनगांगो के ग्राम छुतहरी कटिया औऱ जतघघरा के सिमाना में दोमहनियां टांड में प्रत्येक रविवार के दिन बाजार लगता है जिसमें जयनगर, बरकट्ठा औऱ चलकुशा प्रखंड़ के दर्जनों गाँव के लोग आते हैं औऱ सप्ताह भर के सब्जी राशन ख़रीदकर ले जाते हैं। इस बीच 26-12-23 को पश्चिमी वन प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा वृक्षारोपण हेतू वन भूमि पर ट्रेंच पोकलेन मशीन से काटा जा रहा है। वह विभाग ने जहां बाजार लगता है उस जगह पर भी ट्रेंच काट दी है।स्थानीय ग्रामीणों के आग्रह पर भी बाजार टांड को नहीं छोड़ा गया। इसी को लेकर आज बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने ग्रामीणों की उपस्थिति में बाजार बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले बैठक में शामिल होकर वन विभाग को चेतावनी देने का काम किए, बैठक की अध्यक्षता मथुरा यादव (समाजसेवी)जबकि संचालन पंसस मनोज कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर लोगों ने अपने-अपने विचार रखा, सबों का कहना है कि यह बाजारटांड को वन विभाग छोड़ कर वृक्षारोपण करें, हम सब ग्रामीण वृक्षों की रक्षा करेंगे। पूर्व विधायक श्री यादव ने वन विभाग के वरीय अधिकारियों खास कर डी.एफ.ओ, हजारीबाग को कहा कि हर हाल में लगभग 05 एकड़ जमीन को छोड़ कर वृक्ष लगाएं, यहाँ उपस्थित ग्रामीणों ने इस बात की भी गारण्टी दी है कि कोई भी व्यक्ति उक्त भू-भाग(जहां बाजार लगता है) पक्का मकान या कार्य नहीं करेंगे। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि इस बाजार टांड को वन विभाग हर हाल में छोड़ कर ही वृक्ष लगावें, नहीं तो इसके लिए जरूरी पड़ी तो अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने को भी तैयार हूँ। यहां बैठक की सूचना और भीड़ देखने के बाद वन विभाग के पदाधिकारी कार्य स्थल पर पहुँचे व सकारात्मक बातचीत की है।

### सदर विधायक ने कटकमदाग प्रखंड के आधा दर्जन गांवों का किया सघन दौरा, जानी लोगों की समस्या

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों का सघन दौरा किया और कई विकास योजना का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरुआत ग्राम पसई में पसई प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन कर किया। जिसके बाद कटकमदाग पंचायत के ग्राम कटकमदाग के श्मशान घाट में डीएमएफटी मध्य की राशि 49.5 लाख की लागत से पीसीसी पथ, गार्डवाल, शेड निर्माण कार्य का आधाशिला शिलापट्ट अनावरण कर रखा। तत्पश्चात विधायक निधि की राशि 5 लाख की लागत से निर्मित ग्राम बांका में छठ घाट में सीधी निर्माण और श्मशान घाट में सेड निर्माण एवं ग्राम मेयातू में बोलिया तालाब के पास शेड और मामा महुआ से पचरिया आम तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन शिलापट्ट अनावरण कर नारियल फोड़कर किया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र का कोई भी इलाका विकास से अछूता न रहे इस दिशा में हुए लगातार कार्य कर रहे हैं । मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, उपाध्यक्ष कमल साव, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, पसई पंचायत पूर्व मुखिया हुलास प्रसाद कुशवाहा, कटकमदाग मुखिया अंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील गोप, कुसुम्भा पंचायत पूर्व मुखिया गणेश तुरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## भाजपा विष्णुगढ़ की विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़,रमुआ श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल कार्यसमिति की बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की तथा संचालन महामंत्री गुरु प्रसाद साव ने किया।बैठक में पश्चिमी मंडल अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाना है,जिसकी तैयारी हेतु विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक का आहूत की गई।विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ 29 दिसम्बर 2023 भेलवारा एवं बेड़ाहरियारा पंचायत से किया जाना है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लोगो की भागीदारी सुनिश्चित करानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये जा रहे कार्यो को जन-जन तक पहुँचाना हम सब की जिम्मेदारी है।

## अवैध कोयला लदा पिकअप वाहन तरवाटांड़ इंद्रा से वन विभाग ने धर दबोचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** अवैध कोयले के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग इन दिनों सक्रिय नजर आ रहा है।वन विभाग के गश्तीदल ने गुरुवार की मध्य रात्रि को वन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए तरवाटांड़ इंद्रा से अवैध कोयला लदे पिकअप वाहन को पकड़ा गया। वन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों के आदेश पर यह कार्यवाही की गई है। वन विभाग द्वारा पकड़े गए पिकअप वैन में गाड़ी का नंबर भी नहीं है। गाड़ी में लगभग दो टन कच्चा कोयला लदा हुआ था। सूत्रों की माने तो पिकअप वैन से एक कोयला डिपो में कोयला पहुंचाने के कार्य में प्रयोग किया जा रहा था। वही वन विभाग के इस कार्यवाही के बाद आसपास के अवैध कोयला के कारोबार में संलिप्त तस्करों में मानो हड़कंप मच गया है। हालांकि इन सब में सीसीएल प्रबंधन पर भी सवालिया निशान खड़े होते हैं कि आखिर सीसीएल के कोयले को तस्कर इतने आसानी से कैसे अपने डिपो तक पहुंचने में सफल हो रहे हैं? सीसीएल सुरक्षाकर्मी आखिर जो रात गश्ती करते हैं इसमें उनकी भूमिका पर भी सवाल खड़ा होता है।फिलहाल उक्त वाहन को पकड़ कर वन परिसर कार्यालय मांडू ले जाया गया है जहां पर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## नगर निगम हजारीबाग द्वारा दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भीषण ठंड को देखते हुए हजारीबाग निगम क्षेत्रान्तर्गत प्रशासक शैलेन्द्र कुमार लाल ने निर्धन असहाय दिव्यांगों के बीच 200 कंबल वितरण किया गया। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त बिपिन कुमार एवं अनिल पांडेय, नगर प्रबंधक राजीव रंजन,अभियंता गण, प्रधान सहायक निरंजन सिंह उपस्थित थे। विदित हो कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत ठंड को देखते हुए मुख्य चौक चौराहों, बस स्टैंड तथा अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थान जहाँ रात्री में यात्रीगण आते जाते है वहाँ प्रतिदिन आलाव की व्यवस्था नगर निगम हजारीबाग द्वारा की जा रही है।

## अयोध्या से आए कलश अक्षत का मेयातु में किया गया पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कटकमदाग प्रखण्ड के मेयातु गांव में अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश का पुजन किया गया । सर्व प्रथम मेयातु ग्राम के दुर्गा मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, शोभा यात्रा मेयातु से सादमपुर पहुंची जहा आचार्य राम स्वरूप पाण्डेय व आचार्य सुनिल कुमार पाण्डेय द्वारा कलश का पूजा अर्चना व आरती कराया गया , सादमपुर से कलश व अक्षत धूम धाम से गाजे बाजे के साथ मेयातु लाया गया , और भव्य महाआरती का आयोजन किया गया । जिस में गांव के सैकड़ों बुजुर्ग , युवा ,महिला सम्मिलित हुए। बताते चले कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन किया जाना है , जिस में अयोध्या से देश के प्रत्येक गांव , शहर कस्बे में पूजित अक्षत कलश भेजा जा रहा है । कार्यक्रम को संबोधित करते छकन साव ने कहा कि सभी ग्राम वासी अपने अपने घर में 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाए , मंदिर व घर को सजाए , मंदिरों में रामचरित मानस , हनुमान चालीसा का पाठ करे । व खुशियां मनाएं ।कैलाश प्रजापति ने कहा की 500 वर्षो के लंबे प्रतीक्षा के बाद रामलाल अपने मंदिर में विराजमान होंगे जो की देश में रह रहे सौ करोड़ हिंदुओं के लिए गर्व का विषय है । मौके पर धीरेन्द्र दुबे ,अभय दुबे , बजरंगी दुबे , अवधेश प्रजापति , राजकुमार महतो , प्रदीप विश्वकर्मा , केशो साव , बुधन साव , निर्मल प्रजापति , जगरनाथ प्रजापति एवम ग्राम के सैकड़ों महिला पुरुष सम्मिलित रहे ।

## इस्लाह ए मुआसेरा कांफ्रेंस में सामाजिक कुरीतियां को समाप्त करने का लिया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम हाहे में उलमा ए अहले सुन्नत के बैनर तले इसलाह ए मुआसेरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रफीक अंसारी ने किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा के शादी ब्याह को आसान बनाना है। बिना लेन देन के पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए हुए तरीके पर शादी ब्याह करें। शराब को इस्लाम धर्म में बुराइयों की मां कहा गया है इस लिए शराब और नशा आवर समानों का सेवन न करें। शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया। जिसमे दहेज को रोकना, शादी में फिजूलखर्ची से बचना, शादी व अन्य आयोजनों में डीजे बजाने व डांस से दूर रहना, रोजा नमाज अदा करना तथा शरियत का पालन करना, नैतिकता व प्रेम को बढ़ावा देना, धार्मिक व आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने का दिशानिर्देश जारी किया गया।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ से मिलकर सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने सड़क पर बाइक से बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर किया और इसे असावधानी और बेचुक से होने वाली घटना को अत्यंत गंभीर समस्या बताया है। इसी आलोक में गुरुवार को फाउंडेशन के एक विशिष्ट प्रति निधिमंडल अनुमंडल पदाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं को मद्दे नजर अनुमंडल पदाधिकारी को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बरही अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बरही, चौपारण, पदमा, चंदवारा में जितने भी पेट्रोल पंप संचालित है, उन्हें बिना हेलमेट का दो पहिया वाहन में पेट्रोल नहीं देने का आग्रह किया। ज्ञापन देते प्रतिनिधि मंडल में विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, राष्ट्रीय जनता दल के बरही विस प्रभारी राजेंद्र स्वर्णकार, जिला के विधायक प्रतिनिधि वासुदेव यादव, बरही विस युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष जमुना यादव, नरेश यादव आदि शामिल रहे।

# बरही में कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का 139वां स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कांग्रेसियों ने हजारीबाग रोड स्थित पार्टी कार्यालय में कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने पार्टी का झंडा फहराया और सभी को कांग्रेस के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भेंट की। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि आज पार्टी की स्थापना को 138 साल पूरे हो चुके हैं। भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ 28 दिसम्बर 1885 को मुम्बई के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी। पार्टी के संस्थापक महासचिव ए ओ ह्यूम थे, जिन्होंने कलकत्ते के व्योमेश चन्द्र बनर्जी को अध्यक्ष नियुक्त किया था।

काँग्रेस में स्वराज का लक्ष्य सबसे पहले बाल गंगाधर तिलक ने अपनाया था। प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना कभी पूरा नहीं होगा, 2024 में बनेगी इंडिया एलायंस की पूर्ण बहुमत से सरकार। 14 जनवरी से देश में शुरू हो रही राहुल गांधी जी की भारत न्याय यात्रा देश में बहुत बड़ा परिवर्तन लाने जा रही हैं।

मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कार्तिक पासवान, मो गुलजार, प्रखण्ड महिला अध्यक्ष मीणा देवी, किसान मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष महेश प्रसाद यादव, मो वारिस अंसारी, रिजवान अली, बेन्दगी मुखिया सह मंडल अध्यक्ष सिकंदर राणा, प्रखण्ड सचिव मिथिलेश उपध्याय, ओबीसी मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष राजू राणा, पंचायत अध्यक्ष मनोज रविदास, पंकज पासवान, संतोष निषाद उर्फ सोनू बाबा, पप्पू ठाकुर, छोटेलाल यादव, इम्तियाज अंसारी, जैनुल अंसारी, अशोक सिंह, प्रमोद सिंह, छोटन गिरी, असलम अली, असरफ अली, परमेश्वर यादव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दूसरे दल के लगभग 100 कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उन्हे अशोक यादव ने सदस्यता ग्रहण किये गए कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति समर्पित भाव से निष्ठावान कार्यकर्ता की भांति कार्य करने का आह्वान किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल से प्रभावित होकर इन युवकों ने पार्टी जॉइन किया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनेवालो में अधिकतर युवक युवतिया मुस्लिम समाज से हैं। कार्यक्रम अटल भवन में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य रूप से डॉ रविंद्र राय, हुडको के निर्देशक सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित थे। मिलन समारोह में मोहम्मद शहादत अंसारी के नेतृत्व में 100 से अधिक युवक युवतियां शामिल थी। इस मौके पर भाजपा की सदस्यता लेनेवाले मोहम्मद शहादत ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश हित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर तथा जिस तरह से पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान मोदी बढाए हैं इससे प्रभावित होकर हमलोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर राय ने नव आगंतुक भाजपा सदस्यों का गर्म जोशी के साथ भाजपा का पट्टा,बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया । कार्यक्रम में पूर्व विधायक मनोज यादव , सुदेश चंद्रवंशी, हरिश श्रीवास्तव, नंदलाल मेहता, विनोद भगत, तनवीर आलम, कयुम अंसारी ,महेंद्र बिहारी भी उपस्थित थें।

# कोयले का काला खेल! तीन फेज में होता है पूरा धंधा, अवैध खनन से जुड़े हैं हजारों लोग... आखिर क्यों नहीं लग रही नकेल?



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** कोयला का काला खेल एवं अवैध खनन में कई लोगों की जान भी चली गई विगत वर्ष ही में तापिन साउथ एवं तापिन नॉर्थ कोलियरी में अवैध खनन के दौरान लगभग तीन लोगों की जान चली गई थी। इसके बावजूद भी कोयले की अवैध तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रही है।

### तीन चरणों में होता है कोयले का काला खेल

चरही, आँगो व चुरचू थाना क्षेत्र से कोयला का अवैध धंधा वर्षो से चला आ रहा है। कोयले का काला खेल तीन चरणों में होता है। पहले चरण में बंद पड़े खदान या चालू खनन क्षेत्रों से एक गिरोह के सदस्य कोयला को एक स्थान पर एकत्रित करते है। दूसरे गिरोह के सदस्य एकत्रित कोयले को मोटरसाईकिल, पिकअप व ट्रैक्टर पर लोड कर गिरोह के संचालक के पास (हार्डकॉक भट्ठा या कोयला डीपू) पहुंचाते हैं। जहां से गिरोह का संचालक ट्रकों पर लोड कर इसे बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश भेजता है। राज्य के बाहर अवैध कोयला को वैद्य तरीके से भेजने के लिए फर्जी चालान भी तैयार किया जाता है या एक ही चालान के माध्यम से कई वाहन अवैध तरीके से बाहर भेजे जाते है।

### हजारों लोगों के इस अवैध धंधे से जुड़े रहने का अनुमान

कोयले के अवैध कारोबार में चरही कोयलांचल क्षेत्र में हजारों लोगों के जुड़े रहने का अनुमान है। बताया गया है कि हाल के वर्षो में कोयले के अवैध कारोबार में जुड़े लोगों की संख्या बढ़ी है। प्रतिदिन दिहाड़ी मजदूरी करने वाले, राजमिस्त्री और ठेला-खोमचे वाले कई लोग अब अपने मूल काम को छोड़ कर इस धंधे में लग गए है। कोयले के अवैध कारोबार से जुड़ने का मुख्य कारण ये है कि प्रतिदिन उन्हें 8 घंटे मजदूरी करने पर 300 से 350 रुपये की दिहाड़ी मिलती है। लेकिन कोयले के धंधे में सिर्फ तीन घंटे ही काम करना पड़ता है। रात 10 बजे से लेकर 2 बजे तक मोटरसाईकिल,पिकअप वा ट्रैक्टर पर कोयला लोड कर गंतव्य तक पहुंचाने पर 100 रुपये प्रति बोरी मिल जाता है।

### तापिन साउथ, नॉर्थ और परेज अवैध खनन का केंद्र,चरही रेलवे साइडिंग से भी होती है चोरी

चरही कोयलांचल क्षेत्र में कोयले के अवैध उत्खनन का केंद्र मुख्य रूप से तापिन साउथ, नॉर्थ और परेज है। जहां से प्रतिदिन सैकड़ों मोटरसाईकिलों की मदद से कोयले को लोड कर ले जाया जाता है। 14 माईल रेलवे साइडिंग से भी कोयला की चोरी भारी मात्रा में हो रही है। वहीं तस्करों का सबसे सुरक्षित जगह इंद्रा एवं रेलवे साइडिंग चरही तरवाटाँड बताया जाता है जहां छोटी बड़ी अनेकों वाहन से कोयले का अवैध कारोबार किया जाता है। सूत्रों की मानें तो अवैध कोयला कारोबार के लिए इंद्रा गढ़ माना जाता है।

### अवैध खनन में कई लोगों की जान भी चली जाती है

कोयला के अवैध उत्खनन के दौरान कई लोगों की जान भी चली जाती है। लेकिन सबसे बड़ी विडम्बना है कि अवैध खनन में अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले लोग भी चुप्पी साध लेते है। हादसे में मरने वाले कोयले के ढेर में ही दफन हो जाते है या फिर परिवार के सदस्य शव को निकालने के बाद चोरी-छिपे अंत्येष्टि कर देते हैं। ऐसा इसलिए होता है कि कोयला चोरी करने पर खनन कंपनियों की ओर से उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है। विगत वर्ष में तापिन परियोजना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में अवैध कोयला खनन के क्रम में कई लोगों की मौत हो गई है।

## मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा किया गया धोती साड़ी का वितरण



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के अरारी पंचायत में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार राजकूमार साव ग्राम मरकोडीह, हरिहर दास ग्राम सिरमाटांड, रोशनी महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम अरारी में राशनकार्ड धारियों के बीच झारखंड सरकार की सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, वार्ड सदस्य बसंती कुमारी, वार्ड सदस्य सुखदेव बैठा, वार्ड सदस्य टुनटुन कुमार समेत दर्जनों कार्डधारी मौजूद थे।

## अयोध्या से पूजित अक्षत व कलश पहुंचा बालक निकाली गई शोभायात्रा



**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अयोध्या से आए पूजित अक्षत और कलश गुरुवार को बालक गाँव पहुंचा। वहीं इसे लेकर सनातन धर्म के लोगों भव्य तरीके से स्वागत किए । इसके पूर्व बुधवार को बगोदर स्थित दुर्गा शक्ति मंदिर से सभी पूजित अक्षत कलश वितरण किया गया। पूजित अक्षत और कलश लेकर भव्य शोभा यात्रा बालक गाँव में निकाल कर भ्रमण किया । वहीं शोभा यात्रा में जय श्री राम के जयकारे के साथ गाँव भ्रमण किया इस मौके बगोदर प्रखण्ड प्रमुख आशा राज दुर्गा वाहिनीं बहने ने हाथों झण्डा लेकर भव्य तरीके से स्वागत किया । अजय कुमार बताया की22 जनवरी को राम मंदिर प्रांण प्रतिष्ठा का सीधा लाइव प्रांसरण किया जायेगा । इस मौके पर झारखण्ड कॉलेज के प्रताप यादव विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री अजय कुमार पांडे बजरंग दल संयोजक अनीश गौरव अमित राज दीपक कुमार प्रताप कुमार यादव प्रिंसिपल झारखंड कॉलेज शिवप्रसाद सोनी देवी उषा देवी शांति देवी गुरुचरण यादव दीपक सोनी पंकज सोनी पप्पू सोनी सहित बडी संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद थे।

## सड़क हादसे में मृत युवक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पड़रिया निवासी दो युवक कल देर शाम राजधनवार से घर लौटते समय पीछे से एक अज्ञात वाहन ने केंदुआ मोड़ के पास अपने चपेट में ले लिया जिसके कारण एक युवक सचिन साव पिता संतोष साव की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई थी जबकि एक अन्य युवक रामविनय यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था,जिसका बेहतर इलाज के के लिए दुर्गापुर रेफर कर दिया गया था। इस बीच गुरुवार को गिरिडीह से मृतक का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचने की सूचना पाकर बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो एवं अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि सह जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव उनके निवास स्थान पहुंचकर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जिला प्रशासन देवनाथ राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, सांसद प्रतिनिधि तुलसी यादव, जिला कार्य समिति सदस्य लक्ष्मण दास, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, छोटी यादव, चंदन बजरंगी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा नेत्री प्रो विनीता कुमारी नव जरुरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले के सदर प्रखंड अंतर्गत अकदोनी कला पंचायत के कोगडी गांव हरिजन टोला में भाजपा प्रदेश मंत्री प्रो विनीता कुमारी के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों, बुजुर्गो एवं महिलाओं के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कंबल का वितरण किया गया।वही मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज सिंह, गोपाल विश्वकर्मा, मध्य भाग मंडल महामंत्री गंगाधर दास, वरिष्ठ नेत्री संजू देवी, नगर संयोजक अमित आर्या, जिला मंत्री गुड़िया देवी, मोनू, विनोद दास आदि उपस्थित थे।

## टाटा डीएवी जामाडोबा के छात्रों ने लालमणि वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के दसवीं कक्षा के छात्रों ने गुरुवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम का भ्रमण किया.यहां पर विद्यार्थियों ने बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया और उनके साथ समय बिताया। बच्चों ने स्कूल के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा के अलावे शिक्षक संजय मिश्रा, धर्मराज, शिक्षिका डालिया बनर्जी, संगीता बनर्जी के मार्गदर्शन में संग्रह किया गया खाद्यान, वस्त्र आदि को वृद्धजनों के लिए आश्रम को समर्पित किया। स्कूल के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों में नैतिकता तथा अपने बड़े बुजुर्गों के मान सम्मान की भावना पैदा करने के उद्देश्य से उन्हें वृद्ध आश्रम का भ्रमण कराया गया। उन्होंने कहा स्कूल में सिर्फ बच्चों को किताबी शिक्षा ही नहीं दी जाती बल्कि उन्हें समाज से जुड़ी गतिविधियों में शामिल करते हुए उनके कर्तव्यों तथा नैतिक संस्कार भी पैदा किए जाते है।

# मैथन डैम व अन्य पर्यटन स्थलों पर रहेगी सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने कल देर शाम मैथन डैम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बोटिंग स्थल, डैम, मिलेनियम पार्क, फ्लावर गार्डन तथा स्पोर्ट्स हॉस्टल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने बताया कि 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी के मौके पर बड़ी संख्या में पर्यटक मैथन डैम व अन्य पर्यटन स्थलों पर पहुंचते हैं। पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने मुकम्मल इंतजाम किए हैं।

उनकी सुरक्षा को लेकर स्थानीय थाना एवं प्रशासन को दिशा निर्देश दिए हैं।

मैथन डैम सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर पुलिस फोर्स के साथ मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे। वहीं मैथन डैम में सीआईएसएफ के साथ समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यहां आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

उपायुक्त ने कहा कि बोट संचालकों को सूर्यास्त के बाद वोट नहीं चलाने एवं बोटिंग करने वालों को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट पहनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पार्किंग, ईव टीजिंग, साफ सफाई तथा अन्य बिंदुओं को लेकर दिशा निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर उपायुक्त वरुण रंजन, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 1) अमर कुमार पांडेय, कार्यपालक दंडाधिकारी सह विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी एगारकुंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद करमाकर व अन्य लोग मौजूद थे।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया

## महापुरुषों को श्रद्धांजलि एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों को दिया सम्मान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी व झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार, धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस उत्सव का कार्यक्रम लुबी सर्कुलर रोड स्थित विवाह मंडप के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस पार्टी के झंडोत्तोलन के साथ हुई। साथ साथ उक्त कार्यक्रम में महापुरुषों की श्रद्धांजलि सभा, वरिष्ठ कांग्रेसजनो को सम्मानित करने का कार्यक्रम एवं कांग्रेस पार्टी के 139वीं वर्षगाँठ पर पार्टी के स्वर्णिम उपलब्धि पर विचार गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने किया। उक्त कार्यक्रम में झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, झारखण्ड प्रदेश अनुशासन समिति के चैयरमेन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारीगण एवं हजारों कार्यकर्तागण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एसएसपी संजीव कुमार का तबादला स्वागत योग्य निर्णय : मुख्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने एसएसपी संजीव कुमार के धनबाद से तबादले पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की अब तक के धनबाद के इतिहास मे सबसे नाकाम और भ्रष्ट एसएसपी के रूप मे उन्हें याद किया जाएगा।

इनके कार्यकाल मे अपराधिक गतिविधियां पुरे चरम पर रहीं। उनका धनबाद से तबादला सरकार का स्वागत योग्य निर्णय है।

श्री मुख्तार ने कहा की धनबाद के नये एसएसपी एचपी जनार्दनन का वो स्वागत करते हैं और आशा करते हैं की उनके कार्यकाल मे सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और धनबाद अपराध मुक्त होगा।

## झामुमो का एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग में अनिश्चितकालीन धरना शुरू, कंपनी को हो रहा है प्रतिदिन लाखों का नुकसान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी के नेतृत्व में गुरुवार को एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में 75प्रतिशत रोजगारों को रोजगार की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अजमल अंसारी ने बताया कि आउटसोर्सिंग प्रबंधन के साथ कई दौर का वार्ता चला जिसमें प्रबंधन ने स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने पर सहमति बनी। लेकिन प्रबंधन द्वारा बार-बार मजदूरों को छले जाने के विरोध में मजबूरन आज बेरोजगार धरना देने को विवश हुए।



श्री अजमूल ने कहा कि जब तक बेरोजगारों को रोजगार नहीं दिया जाएगा तब तक यह धरना जारी रहेगा। उन्होंने बेरोजगार मजदूर से कहा कि वह अपनी चट्टानी एकता का परिचय दे। प्रबंधन को हमारी मांगों को मनाना होगा। धरना में मो शहजाद, मो राजा, मो मिनहाज, मो अब्दुल, मो रियाज, मो अख्तर, विनोद कुमार दास, दिनेश कुमार दास, राकेश दास, मरियम खातून, गुड़िया देवी, रेखा कुमारी, कौशल्या, सुमित्रा आदि शामिल हैं।

## सीआरपीएफ जवान की पत्नी के अपहरण मामले में पप्पी सिंह पाकुड़ से गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सीआरपीएफ जवान की पत्नी के अपहरण मामले में गिरफ्तार हुए जमीन कारोबारी पप्पी सिंह को मुफस्सिल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। गुरुवार की दोपहर पप्पी सिंह को मुफस्सिल थाना पुलिस की टीम पुलिस की गाड़ी में बैठाकर सबसे पहले कोर्ट पहुंची और कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद पप्पी सिंह को मेडिकल कराने के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उसका मेडिकल कराने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।गौरतलब रहे की 25 दिसंबर को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह के रहने वाले एक सीआरपीएफ के जवान ने मुफ्फसिल थाना पुलिस को आवेदन देकर उसकी पत्नी और दो बच्चों का झामुमो नेता सह जमीन कारोबारी पप्पी सिंह के द्वारा शादी करने की नियत से अपहरण करने का आरोप लगाया था. इसके बाद पुलिस की टीम पप्पी सिंह की गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबिश बनाई हुई थी. बुधवार की शाम को मुफस्सिल थाना पुलिस ने पप्पी सिंह को पाकुड़ के महेशपुर से गिरफ्तार किया ओर उस को लेकर गिरिडीह पहुंची जंहा से उसे जेल भेज दिया गया है।

## राजभाषा हिंदी से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेलए मुख्यालयध्हाजीपुर द्वारा क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 78वीं व 79वीं संयुक्त बैठक अनिल कुमार खंडेलवालए महाप्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खंडेलवाल ने राजभाषा के प्रचार.प्रसार की गहन समीक्षा की और कहा कि अपने कार्य के दौरान हमेशा सरल और सहज भाषा का प्रयोग करें जिससे सभी को समझने में सुविधा हो। कुछ पदस्थ अधिकारी जब हिंदी में अपना अधिकतम कार्य करेंगे तभी राजभाषा धरातल पर पहुँचेगी और उसे अधिक से अधिक लोग अपनायेंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने राजभाषा नीति एवं निर्देशों को प्रचारित प्रसारित करने का निर्देश दियाण् खंडेलवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर बल देते हुए कई निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशासन विभाग को महाप्रबंधक महोदय द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक



महोदय द्वारा श्पूर्व मध्य रेल दर्पण। राजभाषा बुलेटिन का भी विमोचन किया गया। उल्लेखनीय है कि यह बैठक सितंबर.2023 को समाप्त तिमाही की समीक्षा करने के लिए आयोजित थी। राजभाषा प्रयोग.प्रसार के इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत मंडलोंए कारखानों आदि के उच्च अधिकारी उपस्थित थेए उन्होंने अपने विभागोंए मंडलों आदि में राजभाषा के प्रचार.प्रसार की स्थिति के संबंध में समिति को सूचित किया।

## असर्फी कैंसर संस्थान में हुई कमांडो सर्जरी, मिला नया जीवन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी कैंसर संस्थान में मुंह के कैंसर के एक मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया है। धनबाद स्थित असर्फी कैंसर संस्थान में छः घंटे तक चली कमांडो सर्जरी के बाद कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ मोनिका गुप्ता ने 56 साल के मरीज़ के मुंह से कैंसर को पूरी तरह से निकाल दिया। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ मोनिका गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज को ऑब्जर्वेशन के लिए पांच दिन अस्पताल में रखा गया। डॉ. का कहना है कि इस ऑपरेशन के बाद मरीज़ को नया जीवन मिला है। ऑपरेशन के बाद मरीज़ अब बिलकुल स्वस्थ्य है और छुट्टी लेकर घर चले गए। दूसरे धनबाद निवासी मरीज़ को असर्फी कैंसर संस्थान में रेडिएशन थेरेपी उपचार दिया गया। रेडियोथेरेपी, जिसे रेडिएशन थेरेपी भी कहा जाता है, कैंसर के इलाज का एक प्रभावी तरीका है। यह कैंसर कोशिकाओं को मारने या क्षति पहुंचाने के लिए केंद्रित विकिरण का उपयोग करता है ताकि कैंसर बढ़ या फैल न सके। डॉ बिप्लब मिश्रा ने बताया की असर्फी कैंसर इंस्टीट्यूट, एक ही छत के नीचे सभी नैदानिक सुविधाओं के झारखंड और पूर्वी भारत के आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए एक व्यापक कैंसर देखभाल केंद्र एक वरदान साबित होने वाला है। अतःअसर्फी कैंसर संस्थान में मरीज़ को रेडिएशन थेरेपी उपचार दिया गया। उपचार के बाद मरीज़ एवं परिजनो ने असर्फी कैंसर संस्थान को धन्यवाद दिया। वहीं गौरतलब है की सभी प्रकार के कैंसर के सर्जरी की सुविधा इस अस्पताल मे उपलब्ध है।

## बांस शिल्प में एक माह का डिजाइन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**बलियापुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प नई दिल्ली अंतर्गत संचालित हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर कार्यालय द्वारा गुरुवार को बलियापुर प्रखण्ड के घोंघाबाद ग्राम में बांस शिल्प में एक माह का डिज़ाइन विकास कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षित डिजाइनर के निर्देशन में कारीगरों के मौजूदा कौशल का उपयोग कर बाज़ार की मांग अनुरूप नए डिजाइन/प्रोटोटाइप विकसित करने पर केंद्रित है। प्रशिक्षण प्राप्त कर मोहली समाज के हस्तशिल्पी अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे।

## एसएसपी संजीव कुमार का तबादला, एचपी जनार्दनन बने नए एसएसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के एसएसपी (वरीय पुलिस अधीक्षक) संजीव कुमार का तबादला कर दिया गया है। उन्हें दुमका प्रक्षेत्र का डीआइजी (पुलिस उपमहानिरीक्षक) बनाया गया है। वहीं, धनबाद के नए एसएसपी एचपी जनार्दनन बनाए गए हैं, जो अभी पाकुड़ में बतौर एसपी पदस्थापित हैं। उल्लेखनीय है कि संजीव कुमार जुलाई 2021 में धनबाद के एसएसपी बनाए गए थे। धनबाद में लगातार घट रही आपराधिक घटनाओं की वजह से



सरकार पर दबाव बढ़ रहा था। झारखंड विधानसभा में भी धनबाद की गिरती विधि-व्यवस्था पर सवाल उठ चुके थे। विभिन्न संगठनों से लेकर जनप्रतिनिधि तक सरकार तक आवाज उठा रहे थे। शायद इसी का असर है कि धनबाद एसएसपी संजीव कुमार के साथ-साथ बोकारो प्रक्षेत्र (जिसमें धनबाद आता है) के डीआइजी कन्हैया मयूर पटेल को भी स्थानांतरित कर दिया गया है। लगभग दो वर्ष पूर्व संजीव कुमार की प्रोन्नति डीआइजी के रूप में हो चुकी थी। अब जाकर उन्हें डीआइजी के रूप में पदस्थापित किया जा रहा है। इधर, धनबाद के प्रथम ग्रामीण एसपी रह चुके (2016-17 में) हृदीप पी. जनार्दनन को धनबाद के एसएसपी पद की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। श्री जनार्दनन फिलवक्त पाकुड़ के एसपी के रूप में तैनात हैं।

## धनबाद : लोकसभा को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज, इनमोसा महामंत्री के घर जुटे कई दिग्गज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को इनमोसा के महामंत्री रमाकांत उपाध्याय के गोपालीचक स्थित आवास पर लिट्टी चोखा का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। लोकसभा चुनाव आते ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। इसी सिलसिले में लिट्टी चोखा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनता मजदूर संघ एवं कई ट्रेड यूनियन के लोग उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान निभाया। वहीं मुख्य रूप से शामिल होने वालों में सांसद पी. एन. सिंह, पूर्व सांसद



रविंद्र पांडे, विधायक राज सिन्हा, शुभम झा अधिकारी शिवम झा, उमेश मरांडी, अजीत कुमार, अभिषेक कुमार, प्रमोद चौहान, चंद्रदीप यादव, धर्मेंद्र भट्ट, राजेंद्र तिवारी, नगीना, महावीर, पंकज, पुरुषोत्तम सिंह, राहुल कुमार, भगवान सिंह, राजेश कुमार, सेल से रमन मिश्रा, दयाशंकर ओझा, अनिल सिन्हा, अजीत तिवारी, दिलीप कुमार, महावीर पासवान, अमरजीत यादव आदि शामिल हुए।

## चलते चलते एक नजर

### रंका एफसीआई से तीन दिन पूर्व चोरी गयी 56 में 47 बोरा चना दाल पुलिस ने किया बरामद



**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंका एफसीआई विभाग के गोदाम से 3 दिन पूर्व 56 बोड़ा चना दाल की चोरी हुई जिसमें पुलिस के द्वारा 47 बोड़ा बरामद कर लिया गया। इस संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार रंका प्रखंड के एफसीआई गोदाम से तीन दिन पहले चना दाल का 56 बोड़ा चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई थी। रंका पुलिस द्वारा बीनू साव के घर से 47 बोड़ा सरकारी सील मोहर के साथ बरामद की गयी है। वही चोरों को पकड़ने को लेकर पुलिस के द्वारा जांच प्रक्रिया की जा रही है।

### बीएनटी संत मैरी क्वाटर फाइनल में



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अक्षय के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत बीएनटी संत मैरी ने एआरडी पब्लिक स्कूल को यहां खेले जा रहे गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में 45 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अक्षय ने 28 रन बनाए तथा तीन महत्वपूर्ण विकेट भी प्राप्त किया। मुख्य अतिथि कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने अक्षय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। स्थानीय गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे प्रतियोगिता के अर्न्तगत बीएनटी संत मैरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 142 रनों का स्कोर किया। इसमें विनय ने 38 तथा अक्षय ने 28 रनों का सहयोग किया। एआरडी की ओर से आदित्य ने चार विकेट चटकाये। जवाबी पारी खेलने उतरी एआरडी की टीम 97 रनों पर ही सिमट गयी। टीम की ओर से आदित्य ने 30 और उज्वल ने 21 रन जुटाये। वहीं बीएनटी की ओर से अक्षय ने तीन विकेट लिया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि गोविंद हाई स्कूल के मैदान में नियमित रूप खेल हो इसका प्रयास किया जा रहा है। नगर परिषद गोविन्द हाई स्कूल के मैदान का चारदीवारी बहुत जल्द कराने जा रही है। प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मैदान का चहारदीवारी हो जाने के इस मैदान में नियमित रुप से खिलाड़ी के साथ साथ बच्चे भी अभ्यास कर सकेंगे। इस मैच में अंपायर की भूमिका आलोक, आकाश ने निभायी वहीं उद्घोषक की भूमिका मनोज तिवारी, प्रिंस खान और स्कोरर की भूमिका दिव्य रंजन ने निभायी। मैच के दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

हैदरनगर पुलिस पर गंभीर मामलों के लीपापोती का आरोप

# पीड़ित लोगों ने एसपी को लिखा पत्र, कार्रवाई की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, (पलामू) :** हैदरनगर पुलिस की कार्यशैली पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। यंहा कानून व्यवस्था लचर दिख रही है। कई मामलों में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिसिया कारवाई न होना हैदरनगर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहें हैं। अब पीड़ित का भरोसा हैदरनगर पुलिस से उठता जा रहा है। वह अब मामलों को लेकर उच्च अधिकारी के पास भटकने को मजबूर है। ऐसे कई मामले है जिनपर महीने बाद भी कोई करवाई नहीं कि गई। पुलिस पर लीपापोती का आरोप लग रहा है। ताजा मामला है हैदरनगर के खरगड़ा गांव का है, जंहा पीड़िता कंचन कुमारी ने 5 दिसम्बर को मारपीट की प्राथमिक दर्ज कराई है। पीड़िता और उसके परिजन मारपीट के कारण गम्भीर रूप से घायल हैं। प्राथमिकी दर्ज हुई लेकिन आरोपियों पर कोई करवाई नहीं कि गई। इस सम्बंध में पुलिसिया करवाई से असंतुष्ट होने पर पीड़ित ने पलामू एसपी से मामले में करवाई की गुहार लगाई है। साथ ही साथ हैदरनगर पुलिस की कार्यवाही पर सवाल खड़े किए है। पिछले कुछ महीनों की घटनाओं को देखे तो लगता है कि पुलिस घटना का उतभेदन करने में नाकाम रही है। साथ ही आरोपियों को संरक्षण देने का कार्य कर रही है। पीड़ति कंचन कुमारी ने हैदरनगर पुलिस पर मामले की लीपापोती कर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि एक



सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो पूरा परिवार डीजीपी से मिलकर कार्रवाई की मांग करने को मजबूर होगा।

**दहेज लोभियों की शिकार हुई सबरीन के हत्यारों पर नहीं हुई कोई कार्रवाई :** पलामू जिला के हैदरनगर थाना अंतर्गत बलडीहरी गांव में ससुराल के लोगों द्वारा 6 दिसंबर की रात्रि में विवाहित महिला सबरीन की गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतिका के पिता ने हैदरनगर थाने में अपनी पुत्री की हत्या का आरोप ससुराल वालों पर लगया है। थाना को दिए गए आवेदन में बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत केरपा गांव निवासी बेलाल खान ने 23 वर्षीय पुत्री साबरीन खातून की हत्या का आरोप पलामू जिला के हैदरनगर थाना अंतर्गत बलडीहरी गांव स्थित ससुराल वालों पर लगाया है। प्राथमिकी दर्ज होने के 20 दिन बाद भी हैदरनगर थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सबरीन के बुजुर्ग पिता ने पलामू एसपी को पत्र लिख कर न्याय की गुहार लगाया। बावजूद इसके अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से सबरीन के परिवार के लोग काफी सदमे में हैं। उन्होंने पुलिस पर मामले को दबाने और आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। सबरीन के पिता बेलाल खान ने आरोप लगाया है कि पुलिस की मिली भगत की वजह उनकी पुत्री के हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वह न्याय के लिए कहीं भी जाने को तैयार हैं। पलामू एसपी ने संज्ञान नहीं लिया तो वह इस मामले में डीजीपी और झारखंड के मुख्यमंत्री से मिलेंगे। मृतिका के पिता ने पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर पर भी आरोप लगाया है की साजिश के तहत उन्होंने 20 दिन बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट थाना को नहीं दिया है। इस संबंध में हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी से पूछने पर उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद स्पष्ट होगा की सबरीन की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या किया है। जबकि सबरीन के पिता बेलाल खान ने थाना को दिए गए आवेदन में दहेज के लिए पूरे परिवार के द्वारा शादी के बाद से प्रताड़ति करने और मार पीट करने व हमेशा मार देने की धमकी देते रहने की बात भी कही है। बेलाल खान ने पुलिस के वरीय अधिकारियों से न्याय दिलाने की मांग की है।

# झारखंड का सबसे ऊंचा लोध वॉटरफॉल



*** दूध की धारा की तरह गिरता है पानी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** लोध जलप्रपात में हर साल लाखों टूरिस्ट आते हैं. यह वॉटरफॉल बूढ़ा नदी पर स्थित है. जहां चट्टानों से सीधे पानी नीचे गिरता है. इतनी ऊंचाई से पानी गिरते देखना बिल्कुल दूध की धारा की तरह नजर आता है. चट्टानों को चीरता हुई धारा की खूबसूरती देखते ही बनती है. इस फॉल का दीदार करने बिहार, उत्तर प्रदेश, कोलकाता, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ से पर्यटक आते हैं. इसे देखकर आप शिमला और मनाली भूल जाएंगे चट्टानों से पानी जब नीचे गिरता है तो वहां काफी गहराई होती है. इतनी गहराई है कि आज तक उसे कोई नाप नहीं पाया है. यहां पर रस्सी डालकर गहराई नापने की कोशिश की गई है, पर हमेशा विफलता ही हाथ लगी है.यह वॉटरफॉल झारखंड में पिकनिक मनाने के लिए सबसे बेहतरीन जगह मानी जाती है. यहां पर लोग बूफर लगाकर जमकर डांस करते हैं. वहीं, जंगलों के बीचों-बीच मटन और बिरयानी बनाकर खाने का आनंद लेते हैं, तो कुछ लोग यहां मेडिटेशन करने आते हैं और कुछ यहां कैंपिंग करते हैं.

# आगरा की धरती पर परचम लहरायेंगे पलामू के बाल कराटेकर : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** आगरा में आयोजित ऑल इंडिया इडो कंटिनेंटल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में पलामू जिले के चार नेशनल लेवल पर जीते हुए बाल कराटेकर हिस्सा लेंगे। जिनका नाम इस प्रकार हैं : संत मरियम स्कूल के आकांक्षा कुमारी, रितु राज व रौनक कुमार। वही पलामू मिक्सड मार्शल-आर्टस टाईगर्स एकेडमी के शिधेश कुमार। यह चैंपियनशिप जापान कराटे डु शोतो-रियु इंटरनेशनल ऑ? इंडिया के तत्वाधान में चाणक्य होटल के स्पोर्ट्स हॉल में किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में भारत देश के अलावा नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, मलेशिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर, अफगानिस्तान इत्यादि देश के



कराटेकार हिस्सा लेंगे। यह टीम 29 दिसम्बर को मुख्य मार्शल-आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में आगरा जायेगा। जबकि टीम मैंनेजर सेन्साई गुनगुन प्रिया को नियुक्त किया गया। झारखण्ड माटी कला बोर्ड के सदस्य व झारखण्ड स्टेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष अविनाश देव ने कराटेकारों को बधाई देते कहा कि यह सारे बच्चे देश के उज्जवल भविष्य है। आज बच्चों ने कड़ी मेहनत के बदौलत इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में भाग लेने जा रहे हैं। और पूर्ण विश्वास है कि ये सब आगरा की धरती पर अपना परचम लहरायेंगे।सभी बच्चों को बधाई देता हूं और उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

# घटना दुखद, गहराई से जांच करे प्रशासन : अरुणा शंकर

*** नए वर्ष में बच्चों को नदी व तालाब से दूर रखें**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** चैनपुर प्रखंड के रानीताल डैम में डूबने से पिछले दिनों एक युवक के डूब जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया।इस मामले पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि चैनपुर के धर्मेंद्र कमलापुरी के डैम में डूबने की आशंका जताई जा रही है। परंतु अब तक प्रशासन के कई प्रयास के बाद भी शव का नहीं मिलना चिंताजनक है।

प्रथम महापौर ने कहा कि अगर आज शव नहीं मिलता है तो प्रशासन को दूसरी दिशा में भी जांच करनी चाहिए। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने स्वयं पीड़ित परिवार से मिलकर दुख जाहिर करते हुए सांत्वना देते हुए कहा कि जब तक शवनहीं मिलता है, तब तक हम सबों को निराश नहीं होना चाहिए। हम सबों को भगवान पर भरोसा करना चाहिए।

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खासकर धर्मेंद्र के धर्मपत्नी एवं माता-पिता से मिलकर धैर्य बनाए रखने को कहा। महापौर ने कहा कि मैं प्रशासन से बात करूंगी। यह घटना कैसे घटी।

इसकी तहकीकात तक पहुंचकर संलग्न लोगों पर कठोर कार्रवाई प्रशासन करे। प्रथम महापौर ने शहर के नागरिकों से भी अपील की है कि मैंने अपने कार्यकाल में इतना सुंदर बच्चों के लिए गांधी उद्यान और परिवार के साथ घूमने के लिए कोयल रिवरफ्रंट बनवाई है। आप सब नदी, डैम,तालाब आदि से दूर परिवार और बच्चों के साथ पार्क जाकर लुफ्त उठाएं। ताकि ऐसी घटनाओं से बच्चों को बचाया जा सके।

## महागठबंधन सरकार के चार साल बेमिसाल रहे : कांग्रेस

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन सरकार के चार साल बेमिसाल रहे। सरकार ने हर मोर्चे पर राज्य की खुशहाली और तरक्की का एक नया आयाम गड़ा है। सिन्हा गुरुवार को पार्टी कार्यालय में बोल रहे थे। उन्होंने बाबूलाल की ओर से जारी श्वेत पत्र पर तंज करते हुए कहा कि श्वेत पत्र में जितने पन्ने हैं उससे कहीं अधिक महागठबंधन सरकार की विकासशील योजनाएं धरातल पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र के जरीये जनता को गुमराह न करें। बाबूलाल मरांडी का श्वेत पत्र ईडी और आईटी से आगे नहीं निकल पाया। इससे यह साफ प्रतीत होता है कि भाजपा के पास सरकार की नाकामियां गिनाने को कुछ नहीं है। सिर्फ एक विपक्ष की भूमिका अदा करते हुए श्वेत पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बाबूलाल को आईना दिखाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने रोटी कपड़ा और मकान देने का काम किया।

# जायंट्स सहेली का रंजना जायसवाल बनी अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के सत्र-2024 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर रंजना जायसवाल का चयन किया गया है। साथ ही उपाध्यक्ष आंतरिक पद पर रीना अग्रवाल, उपाध्यक्ष बाह्य संध्या केशरी, प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप एवं कोषाध्यक्ष पद पर वीणा केशरी का चुनाव किया गया है। नए सत्र के लिए चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाए देते हुए जायंट्स ग्रुप को एक नया मुकाम हाशिल करने की उम्मीद जताई गयी है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जायंट्स सहेली के सत्र-2024 के चुनाव के लिए फेडरेशन पदाधिकारी सीमा केशरी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई थी। कमेटी में रश्मि कमलापुरी, माला केशरी, लता गुप्ता, सुनीता केशरी को सम्मिलित किया गया था। कमेटी के द्वारा



सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। सदस्यों ने चयनित सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाए देते हुए आशा जताई है कि नई टीम समाज सेवा, पर्यावरण, वृक्षारोपण, ब्लड डोनेशन, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान, अंगदान आदि क्षेत्रों में बेहतर कार्य करेगी। बधाई देने वालो में मीरा पांडेय, रितु जायसवाल, रीता केशरी, गायत्री गुप्ता, अनसुइया केशरी, सुषमा केशरी, संगीता गुप्ता, प्रियंका केशरी, कंचन कुमारी, पल्लवी पुंज, चांदनी केशरी, वन्दना सोनी, करुणा केशरी, बिमला केशरी, मंजू गुप्ता, वर्षा अग्रवाल, गुड़िया केशरी, रीना केशरी आदि के नाम शामिल हैं।

# वंदे भारत एक्सप्रेस प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया बड़ा सौगात : आनंद शंकर



*** पलामू के सांसद वीडी राम का अहम योगदान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से वाराणसी भाया लोहरदगा,डाल्टनगंज की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि चेंबर बहुत दिनों से यह मांग कर रहा था। आज पलामू का यह सपना सांसद बीडी राम के चलते संभव हो पाया है। जिसके लिए पूरा चेंबर परिवार एवं पलामू वासी कोटि-कोटि बधाई देता है द्य चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि यह ट्रेन रांची से वाराणसी लगभग 6 घंटे में दूरी तय करेगी। समय सारणी जल्द आ जाएगा। ट्रेन का शुभारंभ 2024 नए वर्ष के सौगात के रूप में पलामू को मिलेगा। बता दें कि वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से वाराणसी तक शुरू करने को लेकर पलामू के सांसद वीडी राम कई बार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले। उन्होंने रेल मंत्री को बताया कि पलामू के बिजनेसमैन का वाराणसी हमेशा आना-जाना लगा रहता है। साथ ही आम और खास लोग भी हमेशा वाराणसी आते जाते रहते हैं। यहां से प्रायः हर रोज इलाज कराने, गंगा स्नान करने लोग वाराणसी आते जाते हैं। साथ ही यहां के कई व्यवसाई वर्ग के लोगों का भी वाराणसी आना जाना होता है। खासकर सोना चांदी का बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन का वाराणसी मुख्य बाजार है। पलामू और वाराणसी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने के लिए खुद पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर भी लगातार प्रयास करते रहे। आखिरकार संसद वीडी राम और आनंद शंकर का प्रयास रंग लाया। इस ट्रेन को शुरू होने से पलामू के लोग काफी खुश हैं।

## एनआईए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को लिखा पत्र

**रांची :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, एएसआई और कांस्टेबल को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। इस संबंध में एनआईए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि एनआईए के विभिन्न ब्रांचों में 43 इंस्पेक्टर, 51 सब इंस्पेक्टर, 13 एएसआई पर 12 हेड कांस्टेबल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इन पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में की जायेगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एनआईए की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए इन पदों पर आवेदन दे सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर है।

# बड़कागांव : नए वर्ष में फिर जुट रहे सैलानी परन्तु सवाल अब भी वही

गुलाम अहमद रजा@प्रभात मंत्र

**हजारीबाग।** नए वर्ष का आगमन हो रहा है, ऐसे में सैलानी पिकनिक के लिए बड़कागांव जाना खूब पसंद कर रहे हैं। बड़कागांव में कई स्थल हैं जहां पिकनिक के लिए भीड़ लगती है। शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर बड़कागांव कभी अपनी उपजाऊ जमीन के लिए जाना जाता था। यहां का गन्ना और गुड़ लोगों को खूब भाता है परंतु अब यह इलाका कोयला खनन को लेकर जाना जाने लगा है। इसके लिए यहां कंपनी भी लगी, कंपनी फायदे में है। कंपनी ने कोयला ढोने के लिए कन्वेयर बेल्ट का बहुत बड़ा सिस्टम तैयार किया जो एशिया का सबसे बड़ा कन्वेयर बेल्ट बन इतिहास रच दिया। कंपनी के आने से कई लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ, कई स्कूल और अस्पताल खुल गए। रोजगार के नए-नए



साधन उपलब्ध हो गए। जानकारों ने इसे विकास का नाम दिया. मगर इन सब चीजों के बीच में कई लोगों के दिल में टीस रह गई। कई लोगों के उपजाऊ जमीन कंपनी के पास चली गयी। कई लोगों ने आंदोलन में अपने प्राण गवां दिए। कई कोर्ट कचहरी के चक्कर में फंस गए। गांव के भोले भाले ग्रामीणों की भावनाओं के साथ खेला गया। कथित नेताओं ने ये खेल खूब खेला। छोटे स्तर पर राजनीती भी खूब हुई जो असल में बहुत बड़ी राजनीती थी। आज की तारीख में यहाँ का पर्यायवरण शुद्ध नहीं है। भले ही सैलानी आज भी शहर से नजदीक होने की वजह से वहां जाना पसंद कर रहे हैं मगर हकीकत यही है पर्यावरण पहले की तुलना में उतना शुद्ध नहीं रहा।

जंगलों के पेड़ पौधे कोयले के डस्ट से ढँक चुके हैं। सड़कों पर कोयला कण रहित काली धुल इतनी है कि यदि कोई व्यक्ति घंटे भर सड़क पर खड़ा हो जाए तो धुल की चादर ओढ़ ले। जानकर बताते हैं कि आने वाले समय में इसके बहुत बुरे प्रभाव देखने को मिलेंगे। यह सब देखने के बाद जेहन में एक ही सवाल आता है कि हमने विकास तो किया मगर किस बुनियाद पर?